# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)



## जून भाग-2
## 2022

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
फोन: 8750187501
ई-मेल: online@groupdrishti.com

## प्रश्न भाग-2

1 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के नेतृत्व में एकीकृत निर्देशित मिसाइल विकास कार्यक्रम (IGMDP) शुरू किया गया था।
2. पृथ्वी IGMDP के तहत विकसित मिसाइलों में से एक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

2 एक ज़िला एक उत्पाद (ODOP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया था।
2. यह पहल ज़िलों को आयात हब बनाने के रूप में शुरू की गई है।
3. ज़िलों के लिये खाद्य उत्पादों की पहचान हेतु राज्य ज़िम्मेदार हैं।
4. यह ज़िला स्तर के उद्योगों को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3 और 4
D. केवल 1, 3 और 4

3 निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | रेलवे ज़ोन | मुख्यालय |
|---|---|---|
| 1. | उत्तरी | इलाहाबाद |
| 2. | दक्षिण पूर्वी | कोलकाता |
| 3. | पश्चमी | मुंबई |
| 4. | दक्षिण मध्य | चेन्नई |

नीचे दिये गए कूटों का उपयोग करके सही विकल्प का चयन कीजिये:

A. केवल 1, 2 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 2, 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

4 भारत गौरव योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस योजना के तहत, ट्रेनों में अब माल और सेवाओं के अलावा पर्यटन एक तीसरा खंड है।
2. इस पहल के तहत ट्रेनें नियमित ट्रेनों की तरह उचित समय पर नहीं चलेंगी।
3. इन ट्रेनों का संचालन केवल प्राइवेट प्लेयर्स ही करेंगे।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 2
D. केवल 1

नोट :

5. निम्नलिखित में से कौन संरचनात्मक बेरोजगारी की सबसे अच्छी व्याख्या करता है?

A. यह एक ऐसी घटना है जिसमें वास्तव में जरूरत से ज्यादा लोगों को रोज़गार दिया जाता है।

B. यह बाजार में उपलब्ध नौकरियों और बाज़ार में उपलब्ध श्रमिकों के कौशल के बीच असंतुलन से उत्पन्न होता है।

C. यह व्यापार चक्र का परिणाम है, जहाँ मंदी के दौरान बेरोज़गारी बढ़ती है और आर्थिक विकास के साथ घटती है।

D. यह नौकरियों के बीच के समय के अंतराल को संदर्भित करता है, जब कोई व्यक्ति नई नौकरी की तलाश कर रहा है या नौकरियों में परिवर्तन कर रहा है।

6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम, भारतीय रिज़र्व बैंकऔर भारतीय बैंक संघ की एक संयुक्त पहल है।
2. NPCI द्वारा संचालित प्रणालियों में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस सबसे बड़ी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

7. मधुमेह के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. टाइप 2 मधुमेह को किशोर मधुमेह के रूप में भी जाना जाता है।
2. टाइप-1 मधुमेह, टाइप-2 मधुमेह से दुर्लभ है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

8. I2U2 पहल जो कि हाल ही में चर्चा में रही निम्नलिखित में से किस देश से संबंधित है?

A. भारत, इज़रायल, संयुक्त अरब अमीरात और संयुक्त राज्य अमेरिका

B. भारत, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात और यूनाइटेड किंगडम

C. भारत, इज़रायल, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका

D. भारत, इराक, यूक्रेन और यूनाइटेड किंगडम

9. मर्चेंट डिस्काउंट रेट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक व्यापारी द्वारा अपने ग्राहकों से डिजिटल माध्यम में भुगतान स्वीकार करने के लिये बैंक को भुगतान की गई लागत है।
2. यह लेन-देन राशि के प्रतिशत में व्यक्त किया जाता है।
3. यह ऑनलाइन लेन-देन और क्यूआर-आधारित लेन-देन के लिये लागू है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

10. 6G प्रौद्योगिकी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 6G इंटरनेट एक माइक्रोसेकंड-विलंबता संचार का समर्थन करेगा।
2. यह आवृत्ति के टेराहर्ट्ज बैंड का उपयोग करता है जो वर्तमान में अप्रयुक्त है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

11. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | **गौतम बुद्ध के जीवन की प्रमुख घटनाएँ** | **स्थल** |
|---|---|---|
| 1. | जन्म | कुशीनगर |
| 2. | ज्ञान प्राप्ति | बोधगया |
| 3. | प्रथम उपदेश | सारनाथ |
| 4. | मृत्यु | लुम्बिनी |

उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल एक युग्म

B. केवल दो युग्म

C. केवल तीन युग्म

D. सभी 4 युग्म

12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इरोसिव एजेंट के काम के कारण उपजाऊ भूमि की ओर रेगिस्तान का विस्तार मरुस्थलीकरण कहलाता है।
2. मरुस्थलीकरण और सूखे का मुकाबला करने के लिये वर्ष 2022 मरुस्थलीकरण और सूखा रोकथाम दिवस का विषय "एक साथ सूखे से निपटना" है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

13. वर्ल्ड वाइड वेब के संस्करणों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वेब 1.0 की शुरुआत 20वीं सदी के पूर्वार्द्ध में उत्तरी अमेरिका में हुई थी।
2. वेब 3.0 एक डिजिटल दुनिया बनाने का प्रयास करता है जहाँ लोग किसी मध्यस्थ की आवश्यकता के बिना "रीड-राइट-एक्ज़ीक्यूट" करने में सक्षम होंगे।
3. वेब 2.0 को "केवल पढ़ने के लिये इंटरनेट के रूप में भी जाना जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

14. फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (FATF) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये::

1. यह वर्ष 1989 में पेरिस में G7 शिखर सम्मेलन के दौरान स्थापित एक अंतर-सरकारी निकाय है।
2. वर्ष 2022 तक ईरान और डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (DPRK) FATF की ब्लैक लिस्ट में शामिल हैं।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

15. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गेहूँ मुख्य रूप से समशीतोष्ण क्षेत्र की फसल है, लेकिन उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में भी उगाई जाती है।
2. भारत, चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गेहूँ उत्पादक और निर्यातक है।
3. भारत के शीर्ष गेहूँ निर्यात बाज़ार बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

16. अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ISA एक अंतर-सरकारी संधि-आधारित संगठन है।
2. ISA का मुख्यालय फ्राँस में स्थित है।
3. वर्ष 2021 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) ने ISA को पर्यवेक्षक का दर्जा दिया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 2

B. केवल 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ज़मानत बॉण्ड में तीन-पक्षीय समझौता शामिल है।
2. बीमा कंपनी द्वारा संविदाकार की ओर से परियोजना प्रदान करने वाली इकाई को एक जमानती बॉण्ड प्रदान किया जाता है।
3. ज़मानत बॉण्ड मुख्य रूप से बुनियादी ढाँचे के विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 3

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

18. अमृत सरोवर मिशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह देश के प्रत्येक राज्य में 75 जल निकायों के विकास और कायाकल्प की दिशा में निर्देशित है।
2. यह आजादी का अमृत महोत्सव के उत्सव का एक हिस्सा है।
3. राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र को मिशन के लिये तकनीकी भागीदार के रूप में नियुक्त किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2

D. 1, 2 और 3

नोट :

The Vision

19. पश्चिम सेती विद्युत परियोजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह एक प्रस्तावित जलविद्युत परियोजना है, जिसे भूटान में सेती नदी पर बनाया जाना है।
   2. यह बाँध स्थल सेती और करनाली नदियों के संगम पर स्थित है, जो गंगा बेसिन का हिस्सा है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

20. किरण हेल्पलाइन निम्नलिखित में से किस मंत्रालय के तहत एक पहल है?

   A. सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
   B. शिक्षा मंत्रालय
   C. कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय
   D. महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

21. विश्व व्यापार संगठन के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (WTO MC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह विश्व व्यापार संगठन का शीर्ष निर्णय लेने वाला निकाय है और प्रत्येक वर्ष बैठक करता है।
   2. जून 2022 में आयोजित 12वीं MC के फोकस बिंदुओं में वैश्विक वैक्सीन इक्विटी हासिल करने और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये पेटेंट विनियमन में ढील दी गई।
   3. 12वें WTO MC के देश MC13 तक इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन (ET) पर सीमा शुल्क नहीं लगाने के मौजूदा स्थगन के विस्तार पर सहमत हुए।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 2 और 3
   C. केवल 1 और 3
   D. 1, 2 और 3

22. ड्रैगनफ्लाईज़ के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह ज़्यादा दुनिया भर में मीठे पानी के आवासों के पास पाया जाता है।
   2. ड्रैगनफ्लाईज़ की अधिकांश प्रजातियाँ उष्ण कटिबंध में और विशेष रूप से वर्षा वनों में रहती हैं।
   3. वे उन कीड़ों को खाते हैं जो मलेरिया और डेंगू जैसी जानलेवा बीमारियों के वाहक हैं।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 3
   C. केवल 2 और 3
   D. 1, 2 और 3

23. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | **युग्म 1** | | **युग्म 2** |
|---|---|---|---|
| 1. | कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज़ (COP) 26 | - | जलवायु परिवर्तन |
| 2. | कार्टाजेना प्रोटोकॉल | - | जैव सुरक्षा |
| 3. | नागोया प्रोटोकॉल | - | आनुवंशिक संसाधन |

**नोट :**

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

24. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये।

1. यह संयुक्त राष्ट्र के छह प्रमुख अंगों में से एक है।
2. इसमें 5 स्थायी सदस्य और 10 अस्थायी सदस्य होते हैं।
3. UNSC एकमात्र संयुक्त राष्ट्र निकाय है जिसके पास सदस्य देशों पर बाध्यकारी प्रस्ताव जारी करने का अधिकार है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 3

C. 1, 2 और 3

D. उपरोक्त में से कोई नहीं

25. बायोप्लास्टिक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे पेट्रोलियम की जगह मक्का, गेहूँ या गन्ने जैसे पौधों से बनाया जाता है।
2. बायोप्लास्टिक का शुद्ध ग्रीनहाउस गैस संतुलन शून्य माना जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

26. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत द्वारा संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद में प्रस्तावित किया गया था।
2. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022 की थीम 'कल्याण के लिये योग' है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

27. दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
2. इसे पंचायती राज संस्थानों के मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया था।
3. यह पंचायती राज संस्थानों (PRI) और समुदाय आधारित संगठनों (CBO) के बीच परामर्श के लिये कार्य संबंध प्रदान करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

नोट :

28. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. टाइफाइड साल्मोनेला टाइफी के कारण होता है, जो केवल मनुष्यों द्वारा वाहक बैक्टीरिया है।
2. टाइफाइड के कोई लक्षण न होने के बावजूद वाहक लगभग तीन महीने की अवधि के लिये दूसरों को संक्रमित कर सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

29. क्रिटिकल इंफॉर्मेशन इंफ्रास्ट्रक्चर (CII) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत का संविधान सरकार को उस डिजिटल संपत्ति की सुरक्षा के लिये किसी भी डेटा, डेटाबेस, आईटी नेटवर्क या संचार बुनियादी ढाँचे को CII घोषित करने का अधिकार देता है।
2. CII प्रणाली की सुरक्षा की मूल ज़िम्मेदारी भारत सरकार की होगी।
3. राष्ट्रीय महत्वपूर्ण सूचना अवसंरचना संरक्षण केंद्र (NCIIPC) देश की महत्त्वपूर्ण सूचना अवसंरचना की सुरक्षा के लिये सभी उपाय करने के लिये नोडल एजेंसी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

30. वन नेशन वन राशन कार्ड (ONORC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका उद्देश्य राष्ट्रव्यापी पोर्टेबिलिटी के माध्यम से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) को लागू करना है।
2. 'मेरा राशन' मोबाइल ऐप लाभार्थियों को वास्तविक समय की जानकारी प्रदान करता है और सभी 22 अनुसूचित भाषाओं में उपलब्ध है।
3. उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ONORC को लागू करने के लिये नोडल मंत्रालय है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

31. चालू खाता घाटा (CAD) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. चालू खाता देश के अंदर और बाहर वस्तुओं, सेवाओं और निवेश के प्रवाह को मापता है।
2. बढ़ते CAD वाला देश दर्शाता है कि वह अप्रतिस्पर्धी हो गया है।
3. CAD और बजट घाटा एक साथ दोहरा घाटे के रूप में जाना जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

32.. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राष्ट्रीय हरित अधिकरण(NGT) की स्थापना के साथ, भारत एक विशेष पर्यावरण न्यायाधिकरण स्थापित करने वाला पहला विकासशील देश बन गया।
2. NGT एक खुला न्यायालय है, और इसकी कार्यवाही में व्यक्तिगत रूप से ही भाग लिया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1और न ही 2

33. भुगतान विज़न, 2025 के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह वित्त मंत्रालय की एक पहल है।
2. इसका मुख्य उद्देश्य क्रेडिट कार्ड के उपयोग को बढ़ाना है।
3. इसका उद्देश्य डिजिटल भुगतान स्थापत्य को बढ़ावा देना और विनियमित करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. केवल 2 और 3

34. हाल ही में चर्चा में रहा यूनेस्को का किंग हमाद बिन ईसा अल-खलीफा पुरस्कार निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

A. शिक्षा में आईसीटी का उपयोग

B. पर्यावरण संरक्षण

C. सहिष्णुता और अहिंसा का प्रचार

D. सांस्कृतिक परिदृश्य की सुरक्षा

35. COP 26 में भारत की प्रतिबद्धता के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

1. वर्ष 2030 तक इसकी गैर-जीवाश्म क्षमता को 500 गीगावाट तक बढ़ाना।
2. वर्ष 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन लक्ष्य हासिल करना।
3. वर्ष 2030 तक अपनी ऊर्जा ज़रूरतों का 50% नवीकरणीय स्रोतों से पूरा करना।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

36. भारत में रामसर स्थलों के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | रामसर स्थल | | अवस्थिति |
|---|---|---|---|
| 1. | लोनार झील | - | महाराष्ट्र |
| 2. | सुर सरोवर | - | उत्तर प्रदेश |
| 3. | आसन | - | राजस्थान |
| 4. | काबर ताल | - | बिहार |

नोट :

उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

A. केवल एक युग्म

B. केवल दो युग्म

C. केवल तीन युग्म

D. सभी चार युग्म

37. तुंगभद्रा नदी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह कर्नाटक राज्य से आंध्र प्रदेश की ओर बहती है।
2. वेदवती नदी इस नदी की प्रमुख सहायक नदियों में से एक है।

उपर्युक्त  कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

38 'स्नेक आइलैंड' के संदर्भ में नीचे दिये गए कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. यह चट्टान का एक छोटा सा टुकड़ा है (700 मीटर से कम आकार की)।
2. यह भूमध्य सागर में स्थित है।
3. इसे ज़मीनी द्वीप भी कहा जाता है।

उपर्युक्त कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. केवल 1 और 3

39 विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (FPI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह निवेशक को वित्तीय परिसंपत्तियों का प्रत्यक्ष स्वामित्व प्रदान नहीं करता है।
2. यह देश के पूंजी खाते का एक हिस्सा है और इसके भुगतान संतुलन (BOP) में दिखाया जाता है।
3. FPI को अक्सर "हॉट मनी" के रूप में जाना जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

40. राज्यपाल की विवेकाधीन शक्तियों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वह विधानसभा को बुला सकता है, भंग कर सकता है और सत्रावसान कर सकता है।
2. वह राज्य विधानसभा के अध्यक्ष का चुनाव करता है।
3. वह सत्तारूढ़ सरकार को सदन में अपना बहुमत साबित करने हेतु फ्लोर टेस्ट के लिये कह सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. केवल 1 और 3

41. प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएयूयू) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये ।
   1. यह 2022 तक सरकार के मिशन 'सभी के लिये आवास' के तहत आता है।
   2. मिशन केवल आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग (EWS)/निम्न आय वर्ग (LIG) के बीच शहरी आवास की कमी को संबोधित करता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

42. ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ONDC) के संस्करणों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह एक गैर-लाभकारी संगठन है।
   2. मौजूदा डिजिटल कॉमर्स एप्लिकेशन और प्लेटफॉर्म स्वेच्छा से ONDC नेटवर्क को अपनाने और उसका हिस्सा बनने का विकल्प चुन सकते हैं।
   3. ओपन-सोर्स तकनीक पर आधारित नेटवर्क के माध्यम से ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को एकीकृत करने की परियोजना को इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को सौंपा गया है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 2
   C. केवल 2 और 3
   D. 1, 2 और 3

43. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   1. यह एक गैर-सांविधिक निकाय है।
   2. इसकी अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री करते हैं।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 ओर 2 दोनों
   D. न तो 1 ओर न ही 2

44. भारत में शिक्षा के अधिकार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. न्यायमूर्ति वर्मा समिति ने संविधान में अनुच्छेद 21ए को शामिल किया।
   2. शिक्षा का अधिकार 6-18 वर्ष के बच्चों का मौलिक अधिकार है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 ओर 2 दोनों
   D. न तो 1ओर न ही 2

24. समग्र जल प्रबंधन सूचकांक किसके द्वारा जारी किया जाता है?
   A. नीति आयोग
   B. जल शक्ति मंत्रालय
   C. ग्रामीण विकास मंत्रालय
   D. विश्व स्वास्थ्य संगठन

नोट :

46. विश्व व्यापार संगठन (WTO) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सामान्य परिषद विश्व व्यापार संगठन की सर्वोच्च-स्तरीय निर्णय लेने वाली संस्था है और प्रत्येक वर्ष इसकी बैठक होती है।
2. विश्व व्यापार संगठन के सदस्यों के बीच विवादों को सुलझाने के लिये सामान्य परिषद ने विवाद निपटान निकाय (DSB) की स्थापना की है।
3. अपीलीय निकाय सात सदस्यों का एक स्थायी निकाय है जो पैनल द्वारा जारी रिपोर्टों की अपीलों को सुनता है और इसका निर्णय अंतिम होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

47. ब्रिक्स के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. यह उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के प्रभाव का मुकाबला करने और इसके विकल्प के रूप में उभरने के एकमात्र उद्देश्य के साथ स्थापित किया गया था।
2. न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) ब्रिक्स की पहलों में से एक है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

48. 'जलकुंभी' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह दक्षिण एशिया के जल निकायों में पाया जाने वाला एक जलीय खरपतवार है।
2. इसे ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के दौरान दक्षिण अमेरिका से सजावटी जलीय पौधे के रूप में भारत में लाया गया था।
3. इसका उपयोग कुछ जैविक कृषि पद्धतियों में जैव-उर्वरक के रूप में किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

49. राजस्थान की निम्नलिखित आर्द्रभूमियों पर विचार कीजिये:

1. केवलादेव घाना
2. सांभर झील
3. आनंद सागर झील
4. राजसमंद झील

उपर्युक्त आर्द्रभूमियों में से कौन-सा/से रामसर स्थल घोषित किया/किये गया है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

50. बॉन कन्वेंशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. यह प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण पर एक कन्वेंशन है (CMS) जो देशों की उनकी सीमा में प्रवासी प्रजातियों की सुरक्षा के लिये है।
2. इस कन्वेंशन के तहत प्रवासी प्रजातियों को उनकी भेद्यता के आधार पर तीन परिशिष्टों में व्यवस्थित किया गया है।
3. इसके कार्यान्वयन की देख-रेख इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंज़र्वेशन ऑफ नेचर (IUCN) द्वारा की जाती है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. केवल 1

51. ज़िलों के परफॉरमेंस ग्रेडिंग इंडेक्स (PGI-D) के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. इसे महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया था।
2. यह ज़िला स्तर पर विभिन्न राज्यों द्वारा की गई महिला समर्थक पहल की प्रगति का आकलन करेगा।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

52. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. क्रैश परीक्षणों के माध्यम से कार के सुरक्षा मानकों के परीक्षण के लिये कार्यक्रम शुरू करने वाला चीन पहला देश था।
2. भारत NCAP, क्रैश टेस्ट के प्रदर्शन पर आधारित एक नया कार सुरक्षा मूल्यांकन कार्यक्रम है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

53. वीपीएन (वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. वीपीएन इंटरनेट ट्रैफिक को एन्क्रिप्ट करते हैं और उपयोगकर्त्ता की ऑनलाइन पहचान को छिपाते हैं।
2. एन्क्रिप्टेड डेटा को कोई भी व्यक्ति देख सकता है जिसके पास नेटवर्क एक्सेस है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

54. भारत में गैर-संज्ञेय अपराध के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पुलिस बिना वारंट के आरोपी को गिरफ्तार कर सकती है।
2. पीड़ित सिर्फ पुलिस अधीक्षक को ही FIR दर्ज करा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

55. राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. यह एक वैधानिक निकाय है।
2. इसका काम यह सुनिश्चित करना है कि सभी कानून और नीतियाँ भारत के संविधान में निहित बाल अधिकार परिप्रेक्ष्य के अनुरूप हों।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

56. पार्टनर्स इन द ब्लू पैसिफिक (PBP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. द पार्टनर्स इन द ब्लू पैसिफिक (PBP) पहल प्रशांत द्वीपों का समर्थन करने और क्षेत्र में राजनयिक व आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिये पाँच देशों का "अनौपचारिक तंत्र" है।
2. अमेरिका, ब्रिटेन और भारत इसके सदस्य हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

57. MSMEs के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सूक्ष्म-लघु और मध्यम आकार के उद्यम ऐसे संगठन हैं जो आमतौर पर 250 से अधिक कर्मचारियों को रोज़गार देते हैं।
2. MSME वैश्विक स्तर पर सभी नौकरियों के दो-तिहाई से अधिक के सृज़न के लिये ज़िम्मेदार हैं।
3. 20 करोड़ से अधिक निवेश वाले संगठनों को मध्यम उद्यम के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2
D. केवल 3

58. निम्नलिखित उत्पादों पर विचार कीजिये:

1. मिश्र धातु बनाना
2. विशेष काँच और चीनी मिट्टी की वस्तुएँ
3. रिचार्जेबल बैटरीज़
4. एयर कंडीशनर

उपर्युक्त उत्पादों में से किनके निर्माण में लिथियम का उपयोग किया जा सकता है?

A. केवल 1 और 4
B. केवल 1, 2 और 3
C. केवल 2, 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

59. G7 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जून 2022 में आयोजित 48वें G7 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा की गई।
2. संयुक्त राज्य अमेरिका और जर्मनी G7 के सदस्य हैं, लेकिन EU G7 का एकमात्र ऐसा सदस्य है जो इसका प्रतिनिधित्व तो करता है लेकिन संख्या में यह शामिल नहीं है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

60. जैवविविधता पर कन्वेंशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. यह जैवविविधता के संरक्षण के लिये एक गैर-बाध्यकारी संधि है जो 1993 से लागू है।
2. यह संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के तहत संचालित है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

61. नौसेना अभ्यास के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | **युग्म 1** | **युग्म 2** |
|---|---|---|
| 1. | रिमपैक-22 | संयुक्त राज्य अमेरिका और सहयोगी |
| 2. | जिमेक्स | जापान-भारत |
| 3. | जायद तलवार | संयुक्त अरब अमीरात-भारत |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

62. ब्राज़ीलिया घोषणा के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. यह समुद्र में नाविकों की सुरक्षा से संबंधित है।
2. भारत घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में से एक है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

63. निम्नलिखित में से किसे केंद्रीकृत भुगतान प्रणाली माना जाता है?

1. रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट
2. नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर
3. चेक ट्रंकेशन सिस्टम

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

नोट :

64. 'मासिक भत्तों के वितरण हेतु 'पे रोल ऑटोमेशन' (PADMA)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका उद्घाटन कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय द्वारा किया गया है।
2. यह भारतीय वायु सेना कर्मियों को वेतन और भत्तों का वितरण प्रदान करने के लिये नवीनतम तकनीक का लाभ उठाने वाला एक स्वचालित मंच है।
3. इसे रक्षा लेखा विभाग के तत्त्वाधान में विकसित किया गया है और इसका संचालन पे एकाउंट्स ऑफिस कोस्ट गार्ड, नोएडा द्वारा किया जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

65. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिये:

1. इरिट्रिया
2. रवांडा
3. सोमालिया
4. इथियोपिया

उपर्युक्त में से कौन 'हॉर्न ऑफ अफ्रीका' का हिस्सा हैं?

A. केवल 1, 2 और 4
B. केवल 2 और 4
C. केवल 1, 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

---

## व्याख्या भाग-2

1. उत्तर: C

व्याख्या:

एकीकृत निर्देशित मिसाइल विकास कार्यक्रम (IGMDP):

- परिचय:
  - IGMDP मिसाइलों की एक विस्तृत शृंखला के अनुसंधान और विकास के लिये भारतीय रक्षा मंत्रालय का एक कार्यक्रम था।
  - परियोजना वर्ष 1982-1983 में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के नेतृत्व में शुरू हुई थी। अत: कथन 1 सही है।
  - इस कार्यक्रम ने डॉ एपीजे अब्दुल कलाम को भारत का मिसाइल मैन बना दिया।
  - एकीकृत निर्देशित मिसाइल कार्यक्रम वर्ष 2008 में पूरा हुआ था।

### IGMDP के तहत विकसित पाँच मिसाइलें:

इस कार्यक्रम के तहत विकसित 5 मिसाइलें (P-A-T-N-A) हैं:

- पृथ्वी: सतह-से-सतह पर मार करने में सक्षम कम दूरी वाली बैलिस्टिक मिसाइल। अत: कथन 2 सही है।
- अग्नि: सतह-से-सतह पर मार करने में सक्षम मध्यम दूरी वाली बैलिस्टिक मिसाइल, यानी अग्नि (1,2,3,4,5)।
- त्रिशूल: सतह से आकाश में मार करने में सक्षम कम दूरी वाली मिसाइल।

2. उत्तर: C

व्याख्या:

- खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा 'एक ज़िला एक उत्पाद' (ODOP) शुरू किया गया था, ताकि ज़िलों को उनकी पूरी क्षमता उपभोग, आर्थिक और सामाजिक-सांस्कृतिक विकास को बढ़ावा देने तथा विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रोज़गार के अवसर पैदा करने में मदद मिल सके। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह पहल विदेश व्यापार महानिदेशालय (DGFT), वाणिज्य विभाग द्वारा 'निर्यात हब के रूप में ज़िले (Districts as Exports Hub)' पहल के साथ की जाती है। 'निर्यात हब के रूप में ज़िले' पहल ज़िला स्तर के उद्योगों को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करती है ताकि लघु उद्योगों की मदद की जा सके और वे स्थानीय लोगों को रोज़गार के अवसर प्रदान कर सकें। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- राज्य मौजूदा क्लस्टरों और कच्चे माल की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए ज़िलों के लिये खाद्य उत्पादों की पहचान करेंगे। ODOP एक खराब होने वाली उपज-आधारित या अनाज-आधारित या एक क्षेत्र में व्यापक रूप से उत्पादित खाद्य पदार्थ हो सकता है। अत: कथन 3 सही है।
- एक ज़िला एक उत्पाद, ज़िला स्तर के उद्योगों को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करता है ताकि लघु उद्योगों की मदद की जा सके और वे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान कर सकें। अत: कथन 4 सही है।

3. उत्तर: B

व्याख्या:

| रेलवे ज़ोन | मुख्यालय |
|---|---|
| मध्य | मुंबई CST |
| पूर्वी | कोलकाता |
| मध्य पूर्वी | हाजीपुर |
| पूर्व | भुवनेश्वर |
| उत्तरी | नई दिल्ली |
| उत्तर पूर्वी | गोरखपुर |
| उत्तर पूर्व सीमांत | मालीगाँव (गुवाहाटी) |
| उत्तर पश्चिमी | जयपुर |
| दक्षिणी | चेन्नई |
| दक्षिण मध्य | सिकंदराबाद |
| दक्षिण पूर्वी | कोलकाता |
| दक्षिण पूर्व मध्य | बिलासपुर |
| दक्षिण पश्चिमी | हुबली |
| पश्चिमी | मुंबई (चर्च गेट) |
| पश्चिम मध्य | जबलपुर |

- उत्तरी क्षेत्र का मुख्यालय इलाहाबाद नहीं बल्कि नई दिल्ली है। अत: युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।
- दक्षिण मध्य का मुख्यालय चेन्नई नहीं बल्कि सिकंदराबाद है। अत: युग्म 4 सही सुमेलित नहीं है। अत: विकल्प B सही है।

नोट :

4. उत्तर: A

व्याख्या:

- भारत गौरव पहल नवंबर 2021 में शुरू की गई थी।
- इस योजना के तहत अब ट्रेनों में पर्यटन के लिये तीसरा अनुभाग स्थापित किया जाएगा। अब तक रेलवे के पास यात्री अनुभाग और माल अनुभाग थे। अत: कथन 1 सही है।
- ये नियमित ट्रेनें नहीं हैं जो एक समय सारिणी के अनुसार चलेंगी बल्कि आईआरसीटीसी (IRCTC) द्वारा चलाई जा रही रामायण एक्सप्रेस की तर्ज पर संचालित की जाएंगी। अत: कथन 2 सही है।
- थीम आधारित टूरिस्ट सर्किट ट्रेनों के तहत इसकी घोषणा की गई। इन ट्रेनों को थीम आधारित सर्किट में निजी भागीदारों और IRCTC दोनों द्वारा चलाया जाएगा। अत: कथन 3 सही नहीं है।

5. उत्तर: B

व्याख्या:

भारत में बेरोजगारी के प्रकार:

- प्रच्छन्न बेरोज़गारी: यह एक ऐसी घटना है जिसमें वास्तव में आवश्यकता से अधिक लोगों को रोज़गार दिया जाता है।
  - यह मुख्य रूप से भारत के कृषि और असंगठित क्षेत्रों में व्याप्त है।
- मौसमी बेरोज़गारी: यह एक प्रकार की बेरोज़गारी है, जो वर्ष के कुछ निश्चित मौसमों के दौरान देखी जाती है।
  - भारत में खेतिहर मज़दूरों के पास वर्ष भर काफी कम कार्य होता है।
- संरचनात्मक बेरोज़गारी: यह बाज़ार में उपलब्ध नौकरियों और श्रमिकों के कौशल के बीच असंतुलन होने से उत्पन्न बेरोज़गारी की एक श्रेणी है।
  - भारत में बहुत से लोगों को आवश्यक कौशल की कमी के कारण नौकरी नहीं मिलती है तथा शिक्षा के खराब स्तर के कारण उन्हें प्रशिक्षित करना मुश्किल हो जाता है।
- चक्रीय बेरोज़गारी: यह व्यापार चक्र का परिणाम है, जहाँ मंदी के दौरान बेरोज़गारी बढ़ती है और आर्थिक विकास के साथ घटती है। अत: विकल्प B सही है।

6. उत्तर: C

व्याख्या:

## भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI):

- भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI), भारत में खुदरा भुगतान और निपटान प्रणाली के संचालन हेतु एक अम्ब्रेला संगठन है, जिसे 'भारतीय रिज़र्व बैंक' (RBI) और 'भारतीय बैंक संघ' (IBA) द्वारा 'भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007' के तहत शुरू किया गया है। अत: कथन 1 सही है।
- यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस वर्तमान में नेशनल ऑटोमेटेड क्लियरिंग हाउस, तत्काल भुगतान सेवा, आधार सक्षम भुगतान प्रणाली, भारत बिल भुगतान प्रणाली, रुपे आदि सहित एनपीसीआई संचालित प्रणालियों में सबसे बड़ा है। अत: कथन 2 सही है।

7. उत्तर: B

व्याख्या:

- टाइप-1 मधुमेह को किशोर मधुमेह के रूप में भी जाना जाता है (क्योंकि यह ज्यादातर 14-16 वर्ष की आयु के बच्चों को प्रभावित करता है), यह तब होता है जब शरीर पर्याप्त मात्रा में इंसुलिन का उत्पादन करने में विफल रहता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- टाइप-1 डायबिटीज़ टाइप-2 की तुलना में दुर्लभ है। देश में मधुमेह के सभी अस्पतालों के मामलों में से केवल 2% टाइप-1 हैं, जबकि टाइप- 2 मधुमेह का निदान मधुमेह से पीड़ित लगभग 95% लोगों में संभव है। अत: कथन 2 सही है।

8. उत्तर : A

व्याख्या:

- I2U2 पहल भारत, इज़रायल, यूएसए और यूएई का एक नया समूह है।
- समूह के नाम में 'I2' का अर्थ भारत और इज़रायल है, जबकि 'U2' का अर्थ संयुक्त राज्य अमेरिका एवं संयुक्त अरब अमीरात है।
- I2U2 का गठन अक्तूबर 2021 में इज़रायल और यूएई के बीच अब्राहम समझौते के बाद किया गया था, ताकि इस क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा, बुनियादी ढाँचे और परिवहन से संबंधित मुद्दों से निपटा जा सके।
- ये देश कई स्तरों पर सहयोग कर सकते हैं, चाहे वह तकनीक हो, व्यापार हो, जलवायु हो, कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई हो या सुरक्षा। अत: विकल्प A सही है।

9. उत्तर: D

व्याख्या:

- मर्चेंट डिस्काउंट रेट एक व्यापारी द्वारा अपने ग्राहकों से डिजिटल माध्यम से भुगतान स्वीकार करने के लिये एक बैंक को भुगतान की गई लागत है। अत: कथन 1 सही है।
  - व्यापारी छूट दर लेन-देन राशि के प्रतिशत में व्यक्त की जाती है। अत: कथन 2 सही है।
  - वर्तमान में यह ऑनलाइन लेन-देन और क्यूआर-आधारित लेन-देन के लिये लागू है। अत: कथन 3 सही है।
- व्यापारी द्वारा हर लेन-देन के लिये भुगतान की जाने वाली राशि तीन हितधारकों के बीच वितरित की जाती है- बैंक जो लेन-देन को सक्षम बनाता है, विक्रेता जो बिक्री बिंदु (POS) मशीन स्थापित करता है और कार्ड नेटवर्क प्रदाता जैसे वीज़ा, मास्टरकार्ड, रूपे।

10. उत्तर: C

व्याख्या:

6G तकनीक:

- 6G (छठी पीढ़ी का वायरलेस) 5G सेलुलर तकनीक का उत्तराधिकारी है।
- यह 5G नेटवर्क की तुलना में उच्च आवृत्तियों का उपयोग करने में सक्षम होगा और काफी अधिक क्षमता के साथ विलंबता (देरी) की बहुत कम संभावना होती है।
- 6 जी इंटरनेट के लक्ष्यों में से एक माइक्रोसेकंड-विलंबता संचार (संचार में एक-माइक्रोसेकंड की देरी) का समर्थन करना है। अत: कथन 1 सही है।
  - यह 1,000 गुना तेज़ या इसमें 1/1000 विलंबता की संभावना है, एक मिलीसेकंड थ्रूपुट की तुलना में।
- यह आवृत्ति के टेराहर्ट्ज़ बैंड का उपयोग करेगा जो वर्तमान में अप्रयुक्त है। अत: कथन 2 सही है।
  - टेराहर्ट्ज़ तरंगें विद्युत चुम्बकीय स्पेक्ट्रम पर अवरक्त तरंगों और माइक्रोवेव के बीच होती हैं।

11. उत्तर: B

व्याख्या:

उनका जन्म सिद्धार्थ के रूप में लगभग 563 ईसा पूर्व में लुंबिनी में एक शाही परिवार में हुआ था, जो भारत-नेपाल सीमा के पास स्थित है।

- उनका परिवार शाक्य वंश से संबंधित था, जो कपिलवस्तु, लुंबिनी में शासन करता था।
- 29 वर्ष की आयु में गौतम ने गृह त्याग दिया और सांसारिक जीवन को त्याग कर तपस्या या अत्यधिक आत्म-अनुशासन की जीवनशैली को अपनाया।
- लगातार 49 दिनों के ध्यान के बाद गौतम ने बिहार के बोधगया में एक पीपल के पेड़ के नीचे बोधि (ज्ञान) प्राप्त किया। अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।
- बुद्ध ने अपना पहला उपदेश उत्तर प्रदेश में वाराणसी के पास सारनाथ गाँव में दिया था। इस घटना को धर्म चक्र प्रवर्तन के रूप में जाना जाता है। अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।

नोट :

- उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में 80 वर्ष की आयु में 483 ईसा पूर्व में उनका निधन हो गया। इस घटना को महापरिनिर्वाण के नाम से जाना जाता है। अत: युग्म 4 सुमेलित नहीं है।
- उन्हें भगवान विष्णु (दशवतार) के दस अवतारों में से आठवाँ अवतार माना जाता है।
- यहाँ युग्म 2 और युग्म 3 सही सुमेलित हैं। अत: विकल्प B सही है।

12. उत्तर: B

व्याख्या:

- शुष्क, अर्द्ध-शुष्क और शुष्क उप-आर्द्र क्षेत्रों में भूमि का क्षरण होता है। यह मुख्य रूप से मानव गतिविधियों और जलवायु परिवर्तन के कारण होता है।
- यह मौजूदा रेगिस्तानों के विस्तार का उल्लेख नहीं करता है। ऐसा इसलिये है क्योंकि शुष्क भूमि पारिस्थितिक तंत्र जो दुनिया के एक-तिहाई से अधिक भूमि क्षेत्र को कवर करते हैं, अतिदोहन और अनुचित भूमि उपयोग के कारण बेहद संवेदनशील हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- 17 जून, 2022 को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEF&CC) द्वारा मरुस्थलीकरण और सूखा रोकथाम दिवस का आयोजन किया गया।
- यह सभी को इस बात की याद दिलाने का एक अनूठा क्षण है कि भूमि क्षरण तटस्थता समस्या का समाधान मज़बूत सामुदायिक भागीदारी और सभी स्तरों पर सहयोग के माध्यम से किया जा सकता है।
  - वर्ष 2022 की थीम: "एक साथ सूखे से निपटना"। अत: कथन 2 सही है।
  - यह मानवता और ग्रहीय पारिस्थितिक तंत्र के विनाशकारी परिणामों से बचने हेतु शीघ्र कार्रवाई की आवश्यकता पर ज़ोर देता है।

13. उत्तर: B

व्याख्या:

- वर्ल्ड वाइड वेब (WWW), जिसे वेब (1.0) के रूप में भी जाना जाता है, वेब सर्वर में संग्रहीत वेबसाइटों या वेब पेजों का एक संग्रह है और इंटरनेट के माध्यम से स्थानीय कंप्यूटरों से जुड़ा है।
  - इसका आविष्कार ब्रिटिश वैज्ञानिक टिम बर्नर्स-ली ने 1989 में सर्न (स्विट्ज़रलैंड) में काम करते हुए किया था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- वेब 2.0, वेब के विकास में अगला चरण है। उपयोगकर्त्ता अब सर्वर एवं उन अन्य उपयोगकर्त्ताओं के साथ संचार कर सकते हैं।
  - जिसके द्वारा "पढ़ने और लिखने" को इंटरनेट के माध्यम से संदर्भित किया गया। यह वर्ल्ड वाइड वेब है जिसका हम वर्तमान में उपयोग करते हैं। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- वेब 3.0, एक उभरता हुआ शब्द है जो "पठन, लेखन और निष्पादन वेब' (read, write, execute Web) के रूप में एक विकेंद्रीकृत इंटरनेट है यह ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी पर संचालित होगा।
  - यह एक डिजिटल दुनिया के बारे में बताता है, जिसे ब्लॉकचेन तकनीक का लाभ उठाकर बनाया गया है, जहाँ लोग बिना किसी मध्यस्थ की आवश्यकता के एक-दूसरे के साथ बातचीत करने में सक्षम होते हैं। अत: कथन 2 सही है।

14. उत्तर: C

व्याख्या:

फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (FATF):

- यह एक अंतर-सरकारी निकाय है जिसे 1989 में पेरिस में 1989 में G7 शिखर सम्मेलन के दौरान स्थापित किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
  - यह देश के धन शोधन रोधी और आतंकवाद विरोधी वित्तपोषण ढाँचे की ताकत का आकलन करता है।
- इसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली की अखंडता के लिये मनी लॉन्ड्रिंग, आतंकवादी वित्तपोषण और अन्य संबंधित खतरों से निपटने के लिये मानक निर्धारित करना और कानूनी, नियामक एवं परिचालन उपायों के प्रभावी कार्यान्वयन को बढ़ावा देना है।
- इसका सचिवालय पेरिस में आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD) मुख्यालय में स्थित है।

नोट :

- FATF की सूचियाँ:
  - ग्रे लिस्ट:
    - जिन देशों को टेरर फंडिंग और मनी लॉन्ड्रिंग का समर्थन करने के लिये सुरक्षित स्थल माना जाता है, उन्हें FATF की ग्रे लिस्ट में डाल दिया गया है।
    - इस सूची में शामिल किया जाना संबंधित देश के लिये एक चेतावनी के रूप में कार्य करता है कि उसे ब्लैक लिस्ट में शामिल किया सकता है।
  - ब्लैक लिस्ट:
    - असहयोगी देशों या क्षेत्रों (Non-Cooperative Countries or Territories- NCCTs) के रूप में पहचाने जाने वाले देशों को ब्लैक लिस्ट में शामिल किया जाता है। ये देश आतंकी फंडिंग और मनी लॉन्ड्रिंग गतिविधियों का समर्थन करते हैं।
    - इस सूची में देशों को शामिल करने अथवा हटाने के लिये FATF इसे नियमित रूप से संशोधित करता है।
    - वर्तमान में ईरान और डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (DPRK) उच्च जोखिम वाले क्षेत्राधिकार या ब्लैक लिस्ट में हैं। अत: कथन 2 सही है।

15. उत्तर: C

व्याख्या:

- यह चावल के बाद भारत में दूसरी सबसे महत्त्वपूर्ण खाद्यान्न फसल है।
- यह देश के उत्तर और उत्तर-पश्चिमी भाग की मुख्य खाद्यान्न फसल है।
- यह मुख्य रूप से समशीतोष्ण क्षेत्र की फसल है। रबी की फसल होने के कारण इसे ज़्यादातर सिंचित परिस्थितियों में उगाया जाता है।
- यह भारत के उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्र जैसे हिमालयी हाइलैंड और मध्य प्रदेश में मालवा पठार में भी बारानी फसल के रूप में उगाया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- भारत, चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गेहूँ उत्पादक देश है लेकिन इसकी घरेलू खपत के कारण वैश्विक गेहूँ व्यापार में इसका 1% से भी कम योगदान है।
- वर्ष 2020 में सबसे बड़े गेहूँ निर्यातक देश रूस ($10.1 अरब), कनाडा ($7.13 अरब), संयुक्त राज्य अमेरिका ($7.04 अरब), फ्राँस ($4.76 अरब), और यूक्रेन ($4.61 अरब) थे।
- इसलिये भारत सबसे बड़े गेहूँ निर्यातक देशों में से नहीं है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- कुल वैश्विक गेहूँ निर्यात में भारत का योगदान 1% से भी कम है। भारत के शीर्ष गेहूँ निर्यात बाज़ार बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका, साथ ही संयुक्त अरब अमीरात (UAE) हैं। अत: कथन 3 सही है।

16. उत्तर: C

व्याख्या:

### अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन:

- 'अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन' संधि-आधारित एक अंतर-सरकारी संगठन है, जिसका प्राथमिक कार्य वित्तपोषण एवं प्रौद्योगिकी की लागत को कम करके सौर विकास को उत्प्रेरित करना है। अत: कथन 1 सही है।
  - ISA का मुख्यालय गुरुग्राम, भारत में है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- यह भारत और फ्राँस द्वारा 2015 में पेरिस में जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के दौरान सह-स्थापित किया गया था, जिसने वैश्विक जलवायु नेतृत्व की भूमिका में भारत के प्रयासों के लिये केंद्रीय-मंच का रूप ग्रहण किया है।
- अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन', 'वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड' ( One Sun One World One Grid - OSOWOG) को लागू करने हेतु नोडल एजेंसी है, जिसका उद्देश्य एक विशिष्ट क्षेत्र में उत्पन्न सौर ऊर्जा को किसी दूसरे क्षेत्र की बिजली की मांग को पूरा करने के लिये स्थानांतरित करना है।
- वर्ष 2021 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) ने ISA को पर्यवेक्षक का दर्जा दिया है। अत: कथन 3 सही है।

17. उत्तर: D

व्याख्या:

## ज़मानती बॉण्ड:

- किसी अधिनियम के अनुपालन, भुगतान या प्रदर्शन की गारंटी के लिये एक लिखित समझौते के रूप में एक ज़मानती बॉण्ड को अपने सरल रूप में परिभाषित किया जा सकता है।
- यह एक अद्वितीयक प्रकार का बीमा है क्योंकि इसमें तीन-पक्षीय समझौता शामिल है। एक ज़मानत समझौते में तीन पक्ष होते हैं। अत: कथन 1 सही है।
  - एक ज़मानत समझौते में तीन पक्ष हैं:
    - मुख्य पक्ष- वह पक्ष जो बॉण्ड खरीदता है और वादे के अनुसार कार्य करने का दायित्व लेता है।
    - ज़मानत पक्ष- दायित्त्व की गारंटी देने वाली बीमा कंपनी या ज़मानत कंपनी का प्रदर्शन किया जाएगा। यदि मुख्य पक्ष वादे के अनुसार कार्य करने में विफल रहता है, तो ज़मानत पक्ष निरंतर नुकसान के लिये संविदात्मक रूप से उत्तरदायी है।
    - ओब्लिगी- जिस पार्टी की आवश्यकता होती है वह प्राय: ज़मानती बॉण्ड से लाभ प्राप्त करता है। अधिकांश ज़मानती बॉण्ड के लिये 'ओब्लिगी' एक स्थानीय, राज्य या संघीय सरकारी संगठन होता है।
- बीमा कंपनी द्वारा इकाई की ओर से उस संस्था को ज़मानती बॉण्ड प्रदान किया जाता है जो परियोजना शुरू कर रही है। अत: कथन 2 सही है।
- ज़मानती बॉण्ड मुख्य रूप से बुनियादी ढाँचे के विकास से संबंधित है, यह आपूर्तिकर्त्ताओं और कार्य-ठेकेदारों के लिये अप्रत्यक्ष लागत को कम करने हेतु उनके विकल्पों में विविधता लाने व बैंक गारंटी के विकल्प के रूप में कार्य करता है। अत: कथन 3 सही है।

18. उत्तर: C

व्याख्या:

- अमृत सरोवर मिशन 24 अप्रैल 2022 को जल संरक्षण के उद्देश्य से शुरू किया गया था।
  - मिशन का उद्देश्य आजादी का अमृत महोत्सव के उत्सव के रूप में देश के प्रत्येक ज़िले में 75 जल निकायों का विकास और कायाकल्प करना है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - कुल मिलाकर इससे लगभग एक एकड़ या उससे अधिक आकार के 50,000 जलाशयों का निर्माण होगा।
- मिशन आजादी का अमृत महोत्सव के उत्सव के एक भाग के रूप में इन प्रयासों को पूरा करने के लिये नागरिक और गैर-सरकारी संसाधनों को जुटाने को प्रोत्साहित करता है। अत: कथन 2 सही है।
- भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग और भू-सूचना विज्ञान संस्थान (BISAG-N) को मिशन के लिये तकनीकी भागीदार के रूप में नियुक्त किया गया है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- मिशन अमृत सरोवर को 15 अगस्त 2023 तक पूरा किया जाना है। देश में करीब 50,000 अमृत सरोवर बनाए जाने हैं।
  - इनमें से प्रत्येक अमृत सरोवर 10,000 घन मीटर की जल धारण क्षमता के साथ 1 एकड़ क्षेत्र में होगा।
  - प्रत्येक 15 अगस्त को प्रत्येक अमृत सरोवर स्थल पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण का आयोजन किया जाएगा।

19. उत्तर: B

व्याख्या:

- चीन लगभग छ: वर्षों तक (2012 से 2018 तक) पश्चिमी सेती जलविद्युत परियोजना में शामिल रहा। वर्ष 2018 में चीन के बाहर होने के लगभग चार वर्षों के बाद भारत द्वारा इस परियोजना का अधिग्रहण किया जाएगा
  - यह प्रस्तावित 750 मेगावाट की जलविद्युत परियोजना है, जिसे सुदूर-पश्चिमी नेपाल में सेती नदी पर बनाया जाना है। जो पिछले छह दशकों से इसका सिर्फ खाका ही निर्मित हो है।
  - हाल ही में सरकार ने नेपाल में 1,200 मेगावाट विद्युत उत्पादन करने की क्षमता वाली एक संयुक्त भंडारण परियोजना, वेस्ट सेती और सेती नदी (SR-6) परियोजना को फिर से तैयार किया है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

- बाँध स्थल सेती और करनाली नदियों के संगम के ऊपर की ओर 82 किलोमीटर (किमी) स्थित है, जो गंगा बेसिन का हिस्सा है। अत: कथन 2 सही है।

20. उत्तर: A

व्याख्या:

- सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों को राहत और सहायता प्रदान करने के लिये 24X7 टोल-फ्री मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास हेल्पलाइन "किरण" (1800-500-0019) पहल शुरू की है। अत: विकल्प A सही है।
  - हेल्पलाइन का उद्देश्य प्रारंभिक जाँच, प्राथमिक चिकित्सा, मनोवैज्ञानिक सहायता, संकट प्रबंधन, मानसिक कल्याण, विचलित व्यवहार को रोकना, मनोवैज्ञानिक संकट प्रबंधन और मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों को रेफर करना है
  - हेल्पलाइन में 13 भाषाएँ- हिंदी, असमिया, तमिल, मराठी, ओडिया, तेलुगु, मलयालम, गुजराती, पंजाबी, कन्नड़, बंगाली, उर्दू और अंग्रेजी शामिल हैं।

21. उत्तर: B

व्याख्या:

- विश्व व्यापार संगठन का मंत्रिस्तरीय सम्मेलन विश्व व्यापार संगठन का निर्णय लेने वाला सर्वोच्च निकाय है।
  - इसके सभी सदस्यों को कम-से-कम हर दो वर्ष में मिलना आवश्यक है। मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के सदस्य बहुपक्षीय व्यापार समझौतों के तहत सभी मामलों पर निर्णय लेने में सक्षम होते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- वैश्विक वैक्सीन इक्विटी हासिल करने के लिये पेटेंट विनियमों में ढील देने पर सहमति; खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना, मत्स्य पालन क्षेत्र को सब्सिडी देना तथा ई-कॉमर्स के लिये प्रासंगिक स्थगन जारी रखना सम्मेलन के कुछ फोकस बिंदु थे। अत: कथन 2 सही है।
- सदस्य देश इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन (ET) पर सीमा शुल्क नहीं लगाने के मौजूदा स्थगन को दिसंबर 2023 में होने वाले MC13 तक विस्तार करने पर सहमत हुए। यूएस, यूके ऑस्ट्रेलिया चीन और जापान सहित 105 देशों ने भारत और दक्षिण अफ्रीका के विरोध में होने के बावजूद स्थगन का विस्तार करने की मांग की थी। अत: कथन 3 सही है।

22. उत्तर: D

व्याख्या:

- ड्रैगनफ्लाईज़ एक हवाई शिकारी कीट है जो दुनिया भर में मीठे पानी वाले क्षेत्रों के पास सबसे अधिक पाया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
  - इनके खास रंग इन्हें खूबसूरत बनाते हैं। जो उन्हें पारिस्थितिकी और कला दोनों के लिये कीटों के व्यवहार पर शोध हेतु महत्त्वपूर्ण स्थान प्रदान करते हैं।
- ड्रैगनफ्लाई की अधिकांश प्रजातियाँ उष्णकटिबंध में और विशेष रूप से वर्षावनों में रहती हैं। अत: कथन 2 सही है।
- ड्रैगनफ्लाईज़ क्षेत्र के पारिस्थितिक स्वास्थ्य के महत्त्वपूर्ण जैव-संकेतक के रूप में कार्य करते हैं। वे मच्छरों और अन्य कीड़ों को खाते हैं जो मलेरिया तथा डेंगू जैसी जानलेवा बीमारियों के वाहक हैं। अत: कथन 3 सही है।
- उनके आवास का तेज़ी से विनाश उनके अस्तित्व के लिये सीधा खतरा बन गया है जिससे उनका संरक्षण ज़रूरी हो गया है।

23. उत्तर: D

व्याख्या:

- कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज़ UNFCCC के अंतर्गत आता है जिसका गठन वर्ष 1994 में किया गया था। UNFCCC की स्थापना पर्यावरण में ग्रीनहाउस गैस सांद्रता के स्थिरीकरण की दिशा में काम करने के लिये की गई थी।
  - COP UNFCCC का सर्वोच्च निर्णय लेने वाला प्राधिकरण है।
  - इसने सदस्य राज्यों के लिये ज़िम्मेदारियों की एक सूची तैयार की जिसमें शामिल हैं:
- जलवायु परिवर्तन को कम करने के उपाय तैयार करना।
- जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के अनुकूलन की तैयारी में सहयोग करना।

नोट :

- जलवायु परिवर्तन से संबंधित शिक्षा, प्रशिक्षण और जन जागरूकता को बढ़ावा देना। अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।
- वर्ष 2000 में जैव सुरक्षा पर एक पूरक समझौते के रुप में कार्टाजेना प्रोटोकॉल (Cartagena Protocol on Biosafety) को अपनाया गया था। यह 11 सितंबर, 2003 को लागू हुआ।
    - यह प्रोटोकॉल आधुनिक जैव प्रौद्योगिकी के परिणामस्वरूप संशोधित जीवित जीवों द्वारा उत्पन्न संभावित जोखिमों से जैविक विविधता की रक्षा करता है। अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।
- नागोया प्रोटोकॉल न केवल CBD के तहत शामिल आनुवंशिक संसाधनों और उनके उपयोग से उत्पन्न होने वाले लाभों पर लागू होता है, बल्कि आनुवंशिक संसाधनों से जुड़े उस पारंपरिक ज्ञान (Traditional knowledge- TK) को भी कवर करता है जो CBD और इसके उपयोग से होने वाले लाभों से आच्छादित हैं।
    - प्रोटोकॉल 2010 में नागोया, जापान में अपनाया गया था। अत: युग्म 3 सही सुमेलित है। अत: विकल्प D सही है।

24. उत्तर: D

व्याख्या:

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद:

- सुरक्षा परिषद की स्थापना वर्ष 1945 में संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 23 द्वारा की गई थी। यह संयुक्त राष्ट्र के छह प्रमुख अंगों में से एक है। संयुक्त राष्ट्र के अन्य 5 अंगों में शामिल हैं- संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA), ट्रस्टीशिप परिषद, आर्थिक और सामाजिक परिषद, अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय एवं सचिवालय। अत: कथन 1 सही है।
    - UNSC को अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने की प्राथमिक जिम्मेदारी दी गई है और जब भी शांति को खतरा होता है तो बैठक हो सकती है।
- UNSC 15 सदस्यों से बना है, 5 स्थायी और 10 अस्थायी।
    - पाँच स्थायी सदस्य: चीन, फ्राँस, रूसी संघ, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका। अत: कथन 2 सही है।
    - भारत ने पिछले वर्ष (2021) आठवीं बार एक अस्थायी सदस्य के रूप में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में प्रवेश किया था और दो वर्ष यानी वर्ष 2021-22 तक परिषद में रहेगा।
    - प्रतिवर्ष महासभा दो वर्ष के कार्यकाल के लिये पाँच अस्थायी सदस्यों (कुल दस में से) का चुनाव करती है। दस अस्थायी सीटों का वितरण क्षेत्रीय आधार पर किया जाता है।
- UNSC के पास अधिकृत करने की शक्ति:
    - संयुक्त राष्ट्र के नए सदस्यों का महासभा में प्रवेश ।
    - संयुक्त राष्ट्र चार्टर में किसी भी बदलाव को मंजूरी देना
    - शांति अभियानों की स्थापना।
    - अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों को लागू करना, और सैन्य कार्रवाई को अधिकृत करना।
- UNSC एकमात्र संयुक्त राष्ट्र निकाय है जिसके पास सदस्य देशों पर बाध्यकारी प्रस्ताव जारी करने का अधिकार है। अत: कथन 3 सही है।

25. उत्तर: C

व्याख्या:

- बायोप्लास्टिक का तात्पर्य पेट्रोलियम के बजाय मक्का, गेहूँ, गन्ना या अन्य जैविक सामग्री जैसे पौधों से बने प्लास्टिक से है। अत: कथन 1 सही है।
    - बायोप्लास्टिक बायोडिग्रेडेबल और कम्पोस्टेबल प्लास्टिक सामग्री है।
- पौधे अपनी पत्तियों के माध्यम से हवा से कार्बन डाइऑक्साइड प्राप्त करते हैं; इसलिये पौधों से बायोप्लास्टिक का उत्पादन कार्बन डाइऑक्साइड की खपत करता है, जो उस मात्रा की भरपाई करता है जो बाद में बायोप्लास्टिक के विघटित होने पर निकलती है।
    - कुल मिलाकर बायोप्लास्टिक का शुद्ध ग्रीनहाउस गैस संतुलन शून्य माना जाता है। अत: कथन 2 सही है।

26. उत्तर: D

व्याख्या:

- आठवाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून 2022) को दुनिया भर में मनाया गया।
- थीम 2022: 'मानवता के लिये योग'। अत: कथन 1 सही नहीं है।

## ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और महत्त्व:

- पृष्ठभूमि:
    - वर्ष 2014 में आयोजित संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) के 69वें सत्र के उद्घाटन के दौरान भारत द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (IDY) का विचार प्रस्तावित किया गया था। अत: कथन 2 सही नहीं है।
    - संयुक्त राष्ट्र ने दिसंबर, 2014 में एक प्रस्ताव पारित करके 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (IDY) के रूप में घोषित किया।
    - वर्ष 2015 में नई दिल्ली में राजपथ पर आयोजित पहले योग दिवस समारोह के दौरान दो गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए गए थे।
        - यह 35,985 लोगों के साथ दुनिया का सबसे बड़ा योग सत्र था।
        - इसमें 84 राष्ट्रों के लोगों द्वारा हिस्सा लिया गया था।

27. उत्तर: C

व्याख्या:

दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM):

- डीएवाई-एनयूएलएम (DAY-NULM) एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसे वर्ष 2014-15 से लागू किया जा रहा है। अत: कथन 1 सही है।
- दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय आजीविका मिशन (DAY-NULM) को वर्ष 2011 में ग्रामीण विकास मंत्रालय (MoRD), भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया था। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- मिशन का उद्देश्य ग्रामीण गरीबों के लिये कुशल और प्रभावी संस्थागत मंच तैयार करना है ताकि वे स्थायी आजीविका और वित्तीय सेवाओं तक बेहतर पहुँच के माध्यम से घरेलू आय में वृद्धि कर सकें।
- मुख्य विशेषताएँ:
    - डीएवाई-एनआरएलएम (DAY-NRLM) विशेष विशेष रूप से सुभेद्य समुदायों और उनके वित्तीय समावेशन को लक्षित करने पर केंद्रित है।
    - DAY-NRLM पंचायती राज संस्थानों (PRIs) और समुदाय आधारित संगठनों (CBOs) के बीच परामर्श के लिये पारस्परिक रूप से लाभप्रद कार्य संबंध और औपचारिक मंच प्रदान करता है। अत: कथन 3 सही है।
    - NRLM ने हस्तक्षेप के विभिन्न क्षेत्रों में अभिसरण की सुविधा के लिये गतिविधि मानचित्र भी विकसित किया है जहाँ NRLM संस्थान और PRIs एक साथ कार्य कर सकते हैं जिसे सभी राज्य ग्रामीण आजीविका मिशनों में प्रसारित किया गया है।

28. उत्तर: C

व्याख्या:

टाइफाइड:

- परिचय:
    - टाइफाइड बुखार एक जानलेवा संक्रमण है जो साल्मोनेला एंटरिका सेरोवर टाइफी (आमतौर पर साल्मोनेला टाइफी के रूप में जाना जाता है) जीवाणु के कारण होता है जो केवल मनुष्यों द्वारा संक्रमण किया जाता है अभी तक कोई अन्य पशु वाहक नहीं मिला है। अत: कथन 1 सही है।
- संक्रमण:
    - टाइफाइड बुखार मल-मौखिक मार्ग से, दूषित भोजन या जल के अंतर्ग्रहण के माध्यम से फैलता है।

- उपचार के बिना ही 20 में से लगभग एक व्यक्ति टाइफाइड से ठीक हो जाता है, वह एक 'वाहक' बन जाता है। बीमारी के कोई लक्षण न होने के बावजूद उनके मल और मूत्र में जीवाणु होते हैं, और वे लगभग तीन महीने (कभी-कभी एक वर्ष तक) की अवधि तक दूसरों को संक्रमित कर सकते हैं। अत: कथन 2 सही है।

29. उत्तर: C

व्याख्या:

- सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 क्रिटिकल इंफॉर्मेशन इंफ्रास्ट्रक्चर को एक कंप्यूटर संसाधन के रूप में परिभाषित करता है, जिसकी अक्षमता या विनाश का राष्ट्रीय सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, सार्वजनिक स्वास्थ्य या सुरक्षा पर दुर्बल प्रभाव पड़ेगा।
  - सरकार, 2000 के आईटी अधिनियम के तहत, उस डिजिटल संपत्ति की रक्षा के लिये किसी भी डेटा, डेटाबेस, आईटी नेटवर्क या संचार बुनियादी ढाँचे को CII के रूप में घोषित करने की शक्ति रखती है।. अत: कथन 1 सही नहीं है।
- CII प्रणाली की सुरक्षा की मूल जिम्मेदारी उस CII संचालन एजेंसी होगी। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- राष्ट्रीय महत्वपूर्ण सूचना अवसंरचना संरक्षण केंद्र (NCIIPC) देश की महत्त्वपूर्ण सूचना अवसंरचना की सुरक्षा के लिये सभी उपाय करने के लिये नोडल एजेंसी है। अत: कथन 3 सही है।

30. उत्तर: B

व्याख्या:

### वन नेशन वन राशन कार्ड ( ONORC ):

- परिचय:
  - ONORC योजना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) के तहत लागू की जा रही है। अत: कथन 1 सही है।
  - इस योजना के तहत प्रवासी राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (Migratory National Food Security Act- NFSA), 2013 के लाभार्थी देश में कहीं भी अपनी पसंद के किसी भी उचित मूल्य की दुकान ( Fair Price Shop- FPS) से अपने हिस्से के खाद्यान्न कोटे की खरीद कर सकते हैं।
  - यह प्रणाली उनके परिवार के सदस्यों को घर पर यदि कोई हो तो उसे राशन कार्ड पर शेष खाद्यान्न का दावा करने की अनुमति देती है।
  - ONORC का कार्यान्वयन अगस्त 2019 में शुरू किया गया था।
- सरकार ने ONORC योजना का अधिकतम लाभ उठाने के लिए 'मेरा राशन' मोबाइल एप्लिकेशन भी शुरू किया है।
  - मोबाइल ऐप लाभार्थियों को उपयोगी रीयल-टाइम जानकारी प्रदान करता है और 13 भाषाओं में उपलब्ध है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग इस अधिनियम को लागू करने के लिये नोडल मंत्रालय है। अत: कथन 3 सही है।

31. उत्तर: D

व्याख्या:

### चालू खाता घाटा ( CAD ):

- चालू खाता देश में और बाहर माल, सेवाओं और निवेश के प्रवाह को मापता है। यह एक देश के विदेशी लेनदेन का प्रतिनिधित्व करता है और, पूंजी खाते की तरह, देश के भुगतान संतुलन (BoP) का एक घटक है। अत: कथन 1 सही है।
- चालू खाता घाटा जब आयातित वस्तुओं और सेवाओं का मूल्य निर्यात किये गए मूल्य से अधिक हो जाता है
- एक देश का चालू खाता अन्य देशों के साथ देश के लेन-देन का रिकॉर्ड रखता है, जिसमें ब्याज़ और लाभांश सहित शुद्ध आय और विदेशी सहायता जैसे स्थानान्तरण शामिल हैं। इसमें निम्नलिखित घटक होते हैं:
- वस्तुओं का व्यापार,
- सेवाएँ, और
- विदेशी निवेश पर शुद्ध आय और समय की अवधि में भुगतान का शुद्ध हस्तांतरण, जैसे प्रेषण।

नोट :

- बढ़ते CAD वाले देश से पता चलता है कि यह अप्रतिस्पर्धी हो गया है, और निवेशक वहाँ निवेश करने के लिये तैयार नहीं होते हैं। अत: कथन 2 सही है।
- CAD और राजकोषीय घाटा (जिसे "बजट घाटा" के रूप में भी जाना जाता है, एक ऐसी स्थिति है जब किसी देश का व्यय उसके राजस्व से अधिक होता है) को एक साथ दोहरे घाटे के रूप में जाना जाता है और दोनों अक्सर एक-दूसरे को सुदृढ़ करते हैं, अर्थात् उच्च राजकोषीय घाटा उच्च CAD को बढ़ाता है और इसके विपरीत कम होने पर CAD भी कम होता है। अत: कथन 3 सही है।

32. उत्तर: C

व्याख्या:

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT):

- यह पर्यावरण संरक्षण और वनों तथा अन्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से संबंधित मामलों के प्रभावी और शीघ्र निपटान के लिये राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम (2010) के तहत स्थापित एक विशेष निकाय है।
- NGT की स्थापना के साथ, भारत ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बाद एक विशेष पर्यावरण न्यायाधिकरण स्थापित करने वाला दुनिया का तीसरा देश बन गया और ऐसा करने वाला पहला विकासशील देश बन गया। अत: कथन 1 सही है।
- NGT में आवेदनों या अपीलों के दाखिल होने के 6 महीने के भीतर अंतिम रूप से निपटाने करना अनिवार्य है।
  - अधिकरण एक खुला न्यायालय है और इसकी कार्यवाही में केवल व्यक्तिगत रूप से ही भाग लिया जा सकता है। अत: कथन 2 सही है।
- NGT की पाँच पीठे हैं, नई दिल्ली में इसकी मुख्य पीठ है इसके अलावा भोपाल, पुणे, कोलकाता और चेन्नई में इसकी अन्य शाखाएँ स्थित हैं।

33. उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (Reserve Bank of India- RBI) द्वारा प्रत्येक उपयोगकर्त्ता को सुरक्षित, तीव्र, सुविधाजनक, सुलभ और किफायती ई-भुगतान विकल्प प्रदान करने के उद्देश्य से "भुगतान विज़न 2025" (Payment Vision 2025) प्रस्तुत किया गया है। अत: कथन 1 सही नहीं है
  - इसका मुख्य ध्यान भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र में सभी महत्वपूर्ण बिचौलियों को विनियमित करना है, न कि क्रेडिट कार्ड के उपयोग को बढ़ाना। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- उद्देश्य:
  - किसी भी समय और कहीं भी सुविधा के साथ सुलभ भुगतान विकल्पों के साथ उपयोगकर्त्ताओं को सशक्त बनाने के क्षेत्र में भुगतान प्रणाली को उन्नत करने में सहायक।
  - क्लोज्ड सिस्टम PPIs सहित प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट (Prepaid Payment Instruments- PPIs) के लिये डिजिटल भुगतान अवसंरचना तथा लेन-देन और पुनरीक्षण दिशा-निर्देशों की जियोटैगिंग को सक्षम करने के लिये। अत: कथन 3 सही है।

34. उत्तर- A

व्याख्या:

## किंग हमाद बिन ईसा अल-खलीफा पुरस्कार

परिचय:

- यह बहरीन के सहयोग से वर्ष 2005 में स्थापित किया गया था।
- यह पुरस्कार "सतत् विकास के लिये 2030 एजेंडा; और शिक्षा पर इसके लक्ष्य 4 के अनुरूप सभी के लिये शैक्षिक और आजीवन सीखने के अवसरों का विस्तार करने हेतु नई तकनीकों का लाभ उठाने में नवीन दृष्टिकोणों को मान्यता देता है।
- पुरस्कार उन व्यक्तियों और संगठनों को पुरस्कृत करता है जो उत्कृष्ट परियोजनाओं को लागू कर रहे हैं और डिजिटल युग में सीखने, शिक्षण तथा समग्र शैक्षिक प्रदर्शन को बढ़ाने के लिये प्रौद्योगिकियों के रचनात्मक उपयोग को बढ़ावा दे रहे हैं। अत: विकल्प A सही है।

## पुरस्कार:

- एक अंतरराष्ट्रीय ज्यूरी सालाना दो सर्वश्रेष्ठ परियोजनाओं का चयन करती है।
- प्रत्येक पुरस्कार विजेता को पेरिस में यूनेस्को मुख्यालय में समारोह के दौरान 25,000 डॉलर एक पदक और एक डिप्लोमा प्राप्त होता है।

35. उत्तर: D

व्याख्या:

- ऊर्जा की मांग में स्थिरता प्राप्त करने और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिये भारत के मंत्र के हिस्से के रूप में, इसने पंचामृत पहल शुरू की है, जिसमें शामिल है।
  - अक्षय ऊर्जा के माध्यम से अपनी ऊर्जा ज़रूरतों को वर्ष 2030 500 गीगावाट तक बढ़ाना। अत: कथन 1 सही है।
  - वर्ष 2070 तक शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने के लिये प्रतिबद्ध है। (शुद्ध-शून्य का तात्पर्य वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन को उत्पादित की तुलना में हटाने से है)। अत: कथन 2 सही है।
  - भारत वर्ष 2030 तक अपनी ऊर्जा ज़रूरतों का 50% नवीकरणीय स्रोतों के माध्यम से आपूर्ति करेगा। अत: कथन 3 सही है।

36. उत्तर- C

व्याख्या:

- रामसर स्थल रामसर कन्वेंशन (1971 में पहली बार रामसर, ईरान में आयोजित) के तहत अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व की आर्द्रभूमि हैं, जिसका उद्देश्य दुनिया भर में आर्द्रभूमि क्षति को रोकना है।
- महाराष्ट्र के बुलढाणा ज़िले में लोनार झील को महाराष्ट्र का दूसरा रामसर स्थल घोषित किया गया है।
- दक्कन के पठार पर लोनार झील एक एंडोरेइक या बंद बेसिन है, जो आकार में लगभग गोलाकार है, जो बेसाल्ट आधार पर उल्कापिंड के प्रभाव से निर्मित हुआ है। अत: युग्म 1 सही सुमेलित है
- सूर सरोवर जिसे कीथम झील के नाम से भी जाना जाता है, एक मानव निर्मित जलाशय है, मूल रूप से गर्मियों में आगरा (उत्तर प्रदेश) शहर में जल की आपूर्ति के लिये बनाया गया, एक मान्यता प्राप्त रामसर स्थल है। अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।
- आसन भारत में 38वाँ रामसर स्थल है और उत्तराखंड राज्य का पहला रामसर स्थल है।
- यह एक मानव निर्मित आर्द्रभूमि है, जिसके परिणामस्वरूप 1967 में आसन बैराज स्थापित किया गया। अत: युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।
- काबर ताल झील भारत के बिहार के बेगूसराय ज़िले में स्थित है, एशिया की सबसे बड़ी मीठे जल की ऑक्सबो झील है और बिहार की एकमात्र रामसर स्थल है।
- झील प्रवासी पक्षियों और कई दुर्लभ जलीय प्रजातियों के लिये एक पसंदीदा स्थान रहा है। अत: युग्म 4 सही सुमेलित है।

37. उत्तर: C

व्याख्या:

## तुंगभद्रा नदी:

- यह दक्षिण भारत की एक पवित्र नदी है जो कर्नाटक राज्य से होकर आंध्र प्रदेश में बहती है। अत: कथन 1 सही है।
  - नदी का प्राचीन नाम पम्पा था।
- यह दो नदियों, तुंगा नदी और भद्रा नदी के संगम से बनती है। तुंगा और भद्रा दोनों नदियाँ पश्चिमी घाट के पूर्वी ढलानों से निकलती हैं।
- तुंगभद्रा के मार्ग का अधिकांश भाग दक्कन के पठार के दक्षिणी भाग में स्थित है। नदी को मुख्य रूप से बारिश से जल प्राप्त होता है, और इसमें उच्च गर्मी के पानी के साथ मानसूनी मौसम होता है।
- इसकी प्रमुख सहायक नदियाँ भद्रा, हरिद्रा, वेदवती, तुंगा, वरदा और कुमदावती हैं। अत: कथन 2 सही है।
- पूर्वी कृष्णा नदी में मिलने से पहले यह कमोबेश उत्तर-पश्चिम दिशा में बहती है। कृष्णा नदी अंत में बंगाल की खाड़ी में मिलती है।

38. उत्तर: D

व्याख्या:

- यूक्रेन ने काला सागर में ज़मीनी द्वीप, जिसे 'स्नेक आइलैंड' भी कहा जाता है, पर हवाई हमलों में रूसी सेना को गंभीर क्षति पहुँचाई है।
- चल रहे रूस यूक्रेन संघर्ष के दौरान, यूक्रेन ने काला सागर में ज़मिनी द्वीप, जिसे स्नेक द्वीप के रूप में भी जाना जाता है, पर हवाई हमलों में रूसी सेना को महत्वपूर्ण नुकसान पहुंचाया है।
    - ज़मीनी द्वीप, जिसे स्नेक या सर्पेंट आइलैंड के नाम से भी जाना जाता है, यह 700 मीटर से कम आकार की चट्टान का एक छोटा टुकड़ा है, जिसे एक्स-आकार का बताया गया है। अत: कथन 1 और 3 सही है
- यह काला सागर में तट 35 किमी. दूर स्थित है (और भूमध्य सागर में नहीं), डेन्यूब के मुहाने के पूर्व में और ओडेसा के बंदरगाह शहर के लगभग दक्षिण-पश्चिम में स्थित है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

39. उत्तर: D

व्याख्या:

- विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (FPI) में विदेशी निवेशकों द्वारा निष्क्रिय रूप से रखी गई प्रतिभूतियाँ और अन्य वित्तीय परिसंपत्तियाँ शामिल होती हैं।
    - यह निवेशक को वित्तीय परिसंपत्तियों का प्रत्यक्ष स्वामित्व प्रदान नहीं करता तथा ये बाज़ार की अस्थिरता के आधार पर अपेक्षाकृत तरल होती हैं। अत: कथन 1 सही है।
- FPI किसी देश के पूंजी खाते का हिस्सा होता है और इसके भुगतान संतुलन (BOP) पर दर्शाया जाता है। अत: कथन 2 सही है।
- BOP एक मौद्रिक वर्ष में एक देश से दूसरे देशों में धारा प्रवाह वाले धन की मात्रा को मापता है।
- FPI को अक्सर "हॉट मनी" के रूप में संदर्भित किया जाता है क्योंकि यह अर्थव्यवस्था में किसी भी प्रकार के संकट की स्थिति में सबसे पहले भागने वाले संकेतों की प्रवृत्ति को दर्शाता है। FPI अधिक तरल और अस्थिर होता है, इसलिये यह FDI की तुलना में अधिक जोखिम भरा है। अत: कथन 3 सही है।

40. उत्तर: D

व्याख्या:

- अनुच्छेद 174 के तहत राज्यपाल सदन को एक समय और स्थान पर बुलाएगा, जैसा कि वह उचित समझे।
    - अनुच्छेद 174 (2) (ए) में कहा गया है कि एक राज्यपाल "समय-समय पर" सदन का सत्रावसान कर सकता है तथा 174 (2) (बी) उसे विधानसभा को भंग करने की अनुमति देता है। अत: कथन 1 सही है।
    - अनुच्छेद 163 कहता है कि राज्यपाल मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह के साथ अपने कार्यों का उपयोग करेगा।
- आमतौर पर दो अनुच्छेदों 174 और 163 को सदन को बुलाने, सत्रावसान करने या भंग करने में राज्यपाल की शक्तियों को रेखांकित करने के लिये उपयोग किया जाता है।
    - अनुच्छेद 175 (2) के अनुसार, राज्यपाल सदन का सत्र आहूत कर सकता है और यह साबित करने के लिये फ्लोर टेस्ट का आह्वान कर सकता है कि सरकार के पास विधायकों की पर्याप्त संख्या है या नहीं। अत: कथन 3 सही है।
    - यह बहुमत के परीक्षण के लिये उपयोग किया जाने वाला शब्द है। यदि किसी राज्य के मुख्यमंत्री (CM) के खिलाफ संदेह है, तो उसे सदन में बहुमत साबित करने के लिये कहा जा सकता है।
- राज्य विधान सभा के अध्यक्ष का चुनाव सत्तारूढ़ राज्य सरकार द्वारा किया जाता है न कि राज्यपाल द्वारा। अत: कथन 2 सही नहीं है।

41. उत्तर: A

व्याख्या:

प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (PMAYU):

- यह आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय (MoHUA) द्वारा लागू किये जा रहे शहरी आवास हेतु सरकार के मिशन - 2022 तक सभी के लिये आवास के अंतर्गत आता है। अत: कथन 1 सही है।

- यह EMI (समान मासिक किस्तों) के माध्यम से पुनर्भुगतान के दौरान गृह ऋण की ब्याज़ दर पर सब्सिडी प्रदान करके शहरी गरीबों के लिये गृह ऋण को किफायती बनाता है।
- लाभार्थी:
  - यह मिशन आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग/निम्न आय वर्ग (EWS/LIG) और मध्यम आय वर्ग (MIG) श्रेणियों के बीच झुग्गी-झोपड़ी में रहने वालों के बीच शहरी आवास की कमी को संबोधित करता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

42. उत्तर: A

व्याख्या:

हाल ही में सरकार ने देश के तेज़ी से बढ़ते डिजिटल ई-कॉमर्स स्पेस को "लोकतांत्रिक" करने के उद्देश्य से ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (Open Network for Digital Commerce- ONDC) का पायलट चरण शुरू किया है।

- यह एक गैर-लाभकारी संगठन है जो उद्योगों में स्थानीय डिजिटल कॉमर्स स्टोर को किसी भी नेटवर्क-सक्षम एप्लीकेशन द्वारा खोजने और संलग्न करने में सक्षम बनाने के लिये एक नेटवर्क की पेशकश करेगा।अत: कथन 1 सही है।
- यह न तो एक एग्रीगेटर एप्लीकेशन है और न ही एक होस्टिंग प्लेटफॉर्म है, और सभी मौजूदा डिजिटल कॉमर्स एप्लिकेशन और प्लेटफ़ॉर्म स्वेच्छा से अपनाने और ONDC नेटवर्क का हिस्सा बनने का विकल्प चुन सकते हैं। अत: कथन 2 सही है।
- ओपन-सोर्स तकनीक पर आधारित नेटवर्क के माध्यम से ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को एकीकृत करने की परियोजना को भारतीय गुणवत्ता परिषद को सौंपा गया है।
  - 1997 में स्थापित भारतीय गुणवत्ता परिषद (QCI) औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय से जुड़ी एक स्वायत्त संस्था है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

43. उत्तर: D

व्याख्या:

- राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) भारत में आपदा प्रबंधन के लिये सर्वोच्च वैधानिक निकाय है।
- इसका औपचारिक रूप से गठन 27 सितम्बर, 2006 को आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत हुआ जिसमें प्रधानमंत्री अध्यक्ष और नौ अन्य सदस्य होंगे और इनमें से एक सदस्य को उपाध्यक्ष पद दिया जाएगा। अत: कथन 1 और कथन 2 सही नहीं हैं।
- इसका प्राथमिक उद्देश्य प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदाओं के दौरान प्रतिक्रियाओं में समन्वय कायम करना और आपदा-प्रत्यास्थ (आपदाओं में लचीली रणनीति) व संकटकालीन प्रतिक्रिया हेतु क्षमता निर्माण करना है। आपदाओं के प्रति समय पर और प्रभावी प्रतिक्रिया के लिये आपदा प्रबंधन हेतु नीतियाँ, योजनाएँ और दिशा-निर्देश तैयार करने हेतु यह एक शीर्ष निकाय है।

44. उत्तर: D

व्याख्या:

- तपस मजूमदार समिति (1999) ने अनुच्छेद 21ए को शामिल किया।
  - वर्ष 1993 में उन्नीकृष्णन जेपी बनाम आंध्र प्रदेश राज्य और अन्य में सर्वोच्च न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले के अनुसार शिक्षा अनुच्छेद 21 के तहत एक मौलिक अधिकार है।
  - 2002 में भारत के संविधान में 86वें संशोधन ने शिक्षा के अधिकार को संविधान के भाग-III में मौलिक अधिकार के रूप में प्रदान किया। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- शिक्षा का अधिकार 6-14 वर्ष के बच्चों के लिये मौलिक अधिकार है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - 1 अप्रैल 2010 को अधिनियम लागू होने पर भारत शिक्षा को हर बच्चे का मौलिक अधिकार बनाने वाले 135 देशों में से एक बन गया।
  - RTE अधिनियम के शीर्षक में 'नि:शुल्क और अनिवार्य' शब्द शामिल हैं।

45. उत्तर: A

व्याख्या:

- नीति आयोग ने पहली बार 2018 में राज्यों के बीच सहकारी और प्रतिस्पर्धी संघवाद की भावना पैदा करने के लिये समग्र जल प्रबंधन सूचकांक को एक उपकरण के रूप में लॉन्च किया और इसकी अवधारणा प्रस्तुत की। अत: विकल्प A सही है।
- इसने उन राज्यों को कार्रवाई योग्य मार्गदर्शन प्रदान किया, जहाँ वे बिल्कुल और अपेक्षाकृत अच्छा कर रहे थे और उन्हें अपने पानी को सुरक्षित करने के लिये किस पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता थी।

46. उत्तर: D

व्याख्या:

### WTO सामान्य परिषद:

- सामान्य परिषद जिनेवा में विश्व व्यापार संगठन का सर्वोच्च-स्तरीय निर्णय लेने वाला निकाय है।
- इसमें सभी सदस्य सरकारों के प्रतिनिधि शामिल होते हैं और उसे मंत्रिस्तरीय सम्मेलन की ओर से कार्य करने का अधिकार है जो प्रत्येक दो वर्ष में बैठक का आयोजन करता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- सामान्य परिषद विभिन्न नियमों के तहत विवाद निपटान निकाय और व्यापार नीति समीक्षा निकाय के रूप में भी बैठक करती है।

### विवाद निपटान निकाय:

- सामान्य परिषद WTO सदस्यों के बीच विवादों को हल करने के लिये विवाद निपटान निकाय (DSB) के रूप में स्थापित किया गया है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- इस तरह के विवाद उरुग्वे दौर के अंतिम अधिनियम में निहित किसी भी समझौते के संबंध में उत्पन्न हो सकते हैं जो विवादों के निपटारे (DSU) को नियंत्रित करने वाले नियमों और प्रक्रियाओं के अधीन है।
- DSB के पास विवाद निपटान पैनल स्थापित करने का अधिकार है।

### अपीलीय निकाय:

- अपीलीय निकाय की स्थापना 1995 में विवादों के निपटारे को नियंत्रित करने वाले नियमों और प्रक्रियाओं की समझ (DSU) के अनुच्छेद 17 के तहत की गई थी।
- यह सात सदस्यों का एक स्थायी निकाय है, यह विश्व व्यापार संगठन के सदस्यों के बीच विवादों का समाधान करता है।
- अपीलीय निकाय पैनल के कानूनी निष्कर्षों को बनाए रख सकता है, संशोधित कर सकता है या उलट सकता है और अपीलीय निकाय रिपोर्ट को विवाद निपटान निकाय (DSB) द्वारा अपनाया जाता है जब तक कि सभी सदस्य ऐसा न करने का निर्णय नहीं लेते हैं। अत: कथन 3 सही नहीं है।

47. उत्तर: B

व्याख्या:

- ब्रिक्स दुनिया की प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं, जैसे- ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के समूह के लिये एक संक्षिप्त शब्द है।
- 2006 में ब्रिक विदेश मंत्रियों की पहली बैठक के दौरान समूह को औपचारिक रूप दिया गया था।
- दिसंबर 2010 में दक्षिण अफ्रीका को BRIC में शामिल होने के लिये आमंत्रित किया गया था, जिसके बाद समूह ने BRICS का संक्षिप्त नाम अपनाया।
- ब्रिक्स विश्व के पाँच सबसे बड़े विकासशील देशों को एक साथ लाता है, जो वैश्विक आबादी के 41%, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के 24% और वैश्विक व्यापार के 16% का प्रतिनिधित्व करते हैं।
- वर्ष 2014 में ब्राज़ील के फोर्टालेजा में छठे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान BRICS नेताओं ने न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) की स्थापना के लिये समझौते पर हस्ताक्षर किये। अत: कथन 2 सही है।

नोट :

- ब्रिक्स देशों ने कभी भी नाटो का मुकाबला करने और इसके विकल्प के रूप में उभरने के अपने उद्देश्य का उल्लेख नहीं किया है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

48. उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में पश्चिम बंगाल ने छोटे पैमाने पर कुटीर उद्योग विकसित करने के लिये जलकुंभी (विषाक्त जलीय खरपतवार पौधा) का उपयोग करके एक उत्कृष्ट उदाहरण स्थापित किया है जो आर्थिक रूप से फायदेमंद और पर्यावरण के अनुकूल है।
- जलकुंभी को वैज्ञानिक तौर पर इचोर्निया क्रैसिप्स मार्ट के रूप में जाना जाता है। पोंटेडरियासी (Pontederiaceae) भारत सहित पूरे दक्षिण एशिया में जल निकायों में पाया जाने वाला एक जलीय खरपतवार है। अत: कथन 1 सही है।
- यह स्वदेशी प्रजाति नहीं है, लेकिन ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के दौरान इसे दक्षिण अमेरिका से सजावटी जलीय पौधे के रूप में भारत लाया गया था। अत: कथन 2 सही है।
- कुछ जैविक कृषि पद्धतियों में इस पौधे का उपयोग जैव-उर्वरक के रूप में किया जाता है। अत: कथन 3 सही है।

49. उत्तर: B

व्याख्या:

- केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, एक विश्व धरोहर स्थल, जो पहले भरतपुर के महाराजा का निजी बतख शूटिंग संरक्षण था, इसे 13 मार्च, 1956 को पक्षी अभयारण्य के रूप में नामित किया गया था और 10 मार्च, 1982 को एक राष्ट्रीय उद्यान तथा 1985 में विश्व विरासत सूची में शामिल किया गया था।
  - इसे अक्तूबर 1981 में रामसर साइट के रूप में भी अधिसूचित किया गया था।
- सांभर अब आर्द्रभूमि पर रामसर सम्मेलन के तहत रामसर स्थल संख्या 464 है।
  - सांभर साल्ट लेक, जो कभी उथली आर्द्रभूमि में स्थापित चार नदियों द्वारा पोषित एक बड़ी खारी झील थी, विलुप्त होने के करीब है।
- आनंद सागर झील, जिसे बाई तालाब के नाम से भी जाना जाता है, राजस्थान के वर्तमान बांसवाड़ा ज़िले में एक कृत्रिम झील है।
  - इसका निर्माण बांसवाड़ा के जगमल सिंह ने अपनी रानी लांचीबाई के लिये करवाया था।
  - यह रामसर साइट नहीं है।
- राजसमंद झील (जिसे राजा समुद्र झील के नाम से भी जाना जाता है) भारत के राजस्थान राज्य में राजसमंद शहर के पास एक झील है।
  - इसे गोमती नदी के किनारे बनाया गया था जो सेवंतरी, केलवा और ताली नदियों से निकलती है।
  - यह रामसर साइट नहीं है। अत: विकल्प B सही है।

50. उत्तर: D

व्याख्या:

  - प्रवासी प्रजातियों को उनके श्रेणी के देशों में संरक्षित करने के लिये प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण पर एक कन्वेंशन (CMS) वर्ष 1983 से लागू है। अत: कथन 1 सही है।
  - यह संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UPEP) के तत्त्वावधान में आता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- इसे बॉन कन्वेंशन के रूप में भी जाना जाता है, यह प्रवासी जानवरों और उनके आवासों के संरक्षण एवं टिकाऊ उपयोग के लिये एक वैश्विक मंच प्रदान करता है तथा उन देशों को एक साथ लाता है जिनके माध्यम से प्रवासी जानवर गुज़रते हैं।
  - इस कन्वेंशन के तहत विलुप्त होने की कगार वाली प्रवासी प्रजातियों को परिशिष्ट1 में सूचीबद्ध किया गया है।
  - प्रवासी प्रजातियाँ जिन्हें संरक्षण और प्रबंधन की आवश्यकता है या जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से महत्त्वपूर्ण लाभ होगा, उन्हें कन्वेंशन के परिशिष्ट II में सूचीबद्ध किया गया है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

51. उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग (DoSE&L), शिक्षा मंत्रालय (MoE) ने वर्ष 2018-19 एवं वर्ष 2019-20 हेतु ज़िलों के लिये केंद्र का पहला परफॉरमेंस ग्रेडिंग इंडेक्स (Performance Grading Index for Districts-PGI-D) जारी किया। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- PGI-D व्यापक विश्लेषण के लिये एक इंडेक्स बनाकर ज़िला स्तर पर स्कूली शिक्षा प्रणाली के प्रदर्शन का आकलन करता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- PGI-D ने शिक्षा पर एकीकृत ज़िला सूचना प्रणाली प्लस (UDISE +), राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (NAS), 2017 और संबंधित ज़िलों द्वारा उपलब्ध कराए गए आँकड़ों सहित विभिन्न स्रोतों से एकत्रित आँकड़ों के आधार पर स्कूली शिक्षा में ज़िला स्तर के प्रदर्शन का आकलन किया।

52. उत्तर: A

व्याख्या.

- हाल ही में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने भारत एनसीएपी (न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम) शुरू करने के लिये सामान्य वैधानिक नियम (GSR) अधिसूचना के मसौदे को मंज़ूरी दी है।
  - संयुक्त राज्य अमेरिका पहला देश था जिसने क्रैश परीक्षणों के माध्यम से कार के सुरक्षा मानकों के परीक्षण के लिये एक कार्यक्रम शुरू किया था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- भारत NCAP भारत में ईंधन और वाहन अर्थव्यवस्था में सुधार के लिये एक पहल है। भारत NCAP प्रदूषण को कम करने में भी मदद करेगा।
  - यह क्रैश परीक्षणों में उनके प्रदर्शन के आधार पर ऑटोमोबाइल को 'स्टार रेटिंग' देने का एक तंत्र प्रस्तावित करता है। अत: कथन 2 सही है।
  - प्रस्तावित भारत NCAP मूल्यांकन 1 से 5 तक की स्टार रेटिंग प्रदान करेगा।

53. उत्तर: A

व्याख्या:

हाल ही में भारतीय कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (CERT-In) ने मानदंड जारी किये जिसके तहत VPN (Virtual Private Network) प्रदाताओं को अपने ग्राहकों की व्यक्तिगत जानकारी दर्ज करनी होती है, जिसमें सेवा का उपयोग करने का उद्देश्य भी शामिल है, जो पाँच साल के लिये होगा।

- VPN "वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क" है जो सार्वजनिक नेटवर्क का उपयोग करते समय एक संरक्षित नेटवर्क कनेक्शन स्थापित करने के अवसर का वर्णन करता है।
- VPN इंटरनेट ट्रैफिक को एन्क्रिप्ट करते हैं और उपयोगकर्त्ता की ऑनलाइन पहचान को छिपाते हैं। इससे तृतीय पक्ष के लिये ऑनलाइन गतिविधियों को ट्रैक करना एवं डेटा चोरी करना अधिक कठिन हो जाता है। एन्क्रिप्शन वास्तविक समय में होता है। अत: कथन 1 सही है।
- अनएन्क्रिप्टेड डेटा को कोई भी व्यक्ति देख सकता है जिसके पास नेटवर्क एक्सेस है। एक वीपीएन को सरकार, हैकर्स और साइबर अपराधी नहीं समझ सकते हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।

54. उत्तर: D

व्याख्या:

### गैर-संज्ञेय अपराध:

- एक गैर-संज्ञेय अपराध भारतीय दंड संहिता की पहली अनुसूची के तहत सूचीबद्ध अपराध होता है और प्रकृति में ज़मानती होता है।
- जालसाजी, धोखाधड़ी, मानहानि, सार्वजनिक उपद्रव आदि अपराध गैर-संज्ञेयअपराधों की श्रेणी में आते हैं।

- गैर-संज्ञेय अपराध के मामले में पुलिस आरोपी को बिना वारंट के गिरफ्तार नहीं कर सकती है और साथ ही जाँच शुरू नहीं कर सकती है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- मजिस्ट्रेट के पास एक आपराधिक शिकायत दर्ज की जाती है, जो संबंधित पुलिस स्टेशन को जाँच शुरू करने का आदेश देता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

55. उत्तर: C

व्याख्या:

- राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (NCPCR) की स्थापना 2007 में बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम, 2005 के तहत की गई थी। अत: कथन 1 सही है।
- आयोग का जनादेश यह सुनिश्चित करता है कि सभी कानून, नीतियाँ, कार्यक्रम और प्रशासनिक तंत्र भारत के संविधान और बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (UNCRC) में निहित बाल अधिकार परिप्रेक्ष्य के अनुरूप हैं। अत: कथन 2 सही है।

56. उत्तर: A

व्याख्या:

### ब्लू पैसिफिक में भागीदार:

- हाल ही में अमेरिका और उसके सहयोगी देशों- ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड, जापान तथा यूनाइटेड किंगडम ने ब्लू पैसिफिक क्षेत्र के छोटे द्वीप राष्ट्रों के साथ "प्रभावी एवं कुशल सहयोग" (Effective and Efficient Cooperation) के लिये 'पार्टनर्स इन द ब्लू पैसिफिक' (Partners in the Blue Pacific- PBP) नामक एक नई पहल शुरू की है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - PBP का उद्देश्य "जलवायु संकट, संपर्क और परिवहन, समुद्री सुरक्षा एवं सुरक्षा, स्वास्थ्य, समृद्धि तथा शिक्षा" के क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देना है।
- PBP प्रशांत द्वीपों का समर्थन करने और क्षेत्र में राजनयिक, आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिये पाँच देशों का "अनौपचारिक तंत्र" है। अत: कथन 1 सही है।
  - यह निकट सहयोग के माध्यम से प्रशांत क्षेत्र में "समृद्धि, लचीलापन और सुरक्षा" बढ़ाने पर केंद्रित है।
  - अर्थात् PBP के माध्यम से ये देश एक साथ और व्यक्तिगत रूप से चीन के आक्रामक आउटरीच को प्रतिसंतुलित करने के लिये प्रशांत द्वीप देशों को और अधिक संसाधन उपलब्ध कराएंगे।
  - पूर्व के सदस्य "प्रशांत क्षेत्रवाद को बढ़ावा देंगे" और प्रशांत द्वीप समूह फोरम ( Pacific Islands Forum- PIF) के साथ मज़बूत संबंध कायम करेंगे।

57. उत्तर: B

व्याख्या:

- 27 जून को अंतर्राष्ट्रीय MSME दिवस मनाया जाता है, इसका आयोजन विश्व भर में MSME के महत्त्व को उजागर करने तथा देश की अर्थव्यवस्था में इसके योगदान के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये किया जाता है।
- क्ष्म-लघु और मध्यम आकार के उद्यम ऐसे संगठन हैं जो आमतौर पर 250 से अधिक कर्मचारियों को रोज़गार नहीं देते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - हालाँकि वैश्विक स्तर पर यह क्षेत्र दो-तिहाई से अधिक रोज़गार सृज़न करने के लिये ज़िम्मेदार हैं। अत: कथन 2 सही है।
- संशोधित MSME मानदंड इस प्रकार है:
  - सूक्ष्म: निवेश <1 करोड़ और कारोबार <5 करोड़
  - छोटा: निवेश <10 करोड़ और कारोबार <50 करोड़
  - मध्यम: निवेश <20 करोड़ और कारोबार <100 करोड़ अत: कथन 3 सही नहीं है।

नोट :

58. उत्तर: D

व्याख्या:

- लिथियम एक तत्त्व है और प्रकृति में दो खनिजों, स्पोड्यूमिन एवं लेपिडोलाइट में पर्याप्त रूप में सांद्रित होता है।
- अनुप्रयोग:
  - विशेष काँच और चीनी मिट्टी की वस्तुएँ
- लिथियम डिसिलिकेट ($Li_2Si_2O_5$) एक रासायनिक यौगिक है जिससे काँच और चीनी मिट्टी की वस्तुएँ बनती हैं।
- इसकी मज़बूती, यांत्रिकता और अर्द्ध-पारदर्शिताा के कारण इसे व्यापक रूप से दंत सिरेमिक के रूप में उपयोग किया जाता है।
  - मिश्र धातु बनाना:
- लिथियम धातु का प्रयोग उपयोगी मिश्र धातुओं को बनाने के लिये किया जाता है
- उदाहरणत: मोटर इंजन के 'व्हाइट मेटल' बियरिंग बनाने के लिये लेड के साथ, एयरक्राफ्ट के पुर्जे बनाने के लिये एल्युमीनियम के साथ और आर्मर प्लेट बनाने के लिये मैग्नीशियम के साथ।
  - रिचार्जेबल बैटरी:
- लिथियम का उपयोग मोबाइल फोन, लैपटॉप, डिजिटल कैमरा और इलेक्ट्रिक वाहनों के लिये रिचार्जेबल बैटरी में किया जाता है। लिथियम का उपयोग कुछ गैर-रिचार्जेबल बैटरियों में हृदय पेसमेकर, खिलौने और घड़ियों जैसी चीज़ों के लिये भी किया जाता है।
  - एयर कंडीशनर:
- लिथियम क्लोराइड ज्ञात सबसे हाइग्रोस्कोपिक सामग्रियों में से एक है, और इसका उपयोग एयर कंडीशनिंग और औद्योगिक सुखाने प्रणालियों में किया जाता है (जैसा कि लिथियम ब्रोमाइड है) अत: विकल्प D सही है।

59. उत्तर: B

व्याख्या:

G7:

- हाल ही में 48वें G-7 शिखर सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री ने G-7 राष्ट्रों को देश में उभर रही स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के विशाल बाज़ार में निवेश करने के लिये आमंत्रित किया।
  - G-7 की वर्ष 2022 की अध्यक्षता जर्मनी के पास है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - जर्मन प्रेसीडेंसी ने अर्जेंटीना, भारत, इंडोनेशिया, सेनेगल और दक्षिण अफ्रीका को G-7 शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया है।
- G-7 देश यूके, कनाडा, फ्राँस, जर्मनी, इटली, जापान और अमेरिका हैं। इसके अलावा, यूरोपीय संघ एकमात्र ऐसा सदस्य है जो इसका प्रतिनिधित्व तो करता है लेकिन संख्या में यह शामिल नहीं है। अत: कथन 2 सही है।
  - यह एक अंतर-सरकारी संगठन है, जिसका गठन वर्ष 1975 में किया गया था।
  - वैश्विक आर्थिक शासन, अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा और ऊर्जा नीति जैसे सामान्य हित के मुद्दों पर चर्चा करने के लिये ब्लॉक की वार्षिक बैठक होती है।
  - सभी G-7 देश और भारत G20 का हिस्सा हैं।
  - G-7 का कोई औपचारिक चार्टर या सचिवालय नहीं है। प्रेसीडेंसी जो हर साल सदस्य देशों के बीच आवंटित होती है, एजेंडा तय करने हेतु प्रभारी होती है। शिखर सम्मेलन से पहले शेरपा, मंत्री और दूत नीतिगत पहल करते हैं।

60. उत्तर: B

व्याख्या:

- जैविक विविधता अभिसमय (Convention on Biological Diversity- CBD), जैव विविधता के संरक्षण हेतु कानूनी रूप से बाध्यकारी संधि है जो वर्ष 1993 से लागू है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - लगभग सभी सदस्य देशों ने इसकी पुष्टि की है (विशेषकर, अमेरिका ने हस्ताक्षर किये हैं लेकिन पुष्टि नहीं की है)।

- CBD सचिवालय मॉन्ट्रियल, कनाडा में स्थित है और यह संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के तहत संचालित होता है। अत: कथन 2 सही है।
- जैव विविधता अभिसमय (CBD) के तहत पार्टियाँ (देश), नियमित अंतराल पर मिलती हैं और इन बैठकों को कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टी (COP) कहा जाता है।

61. उत्तर: D

व्याख्या:

- द रिम ऑफ पैसिफिक (RIMPAC) सबसे बड़े द्विवार्षिक बहुपक्षीय नौसेना अभ्यासों में से एक है, जिसका नेतृत्व अमेरिका और उसके सहयोगी कर रहे हैं।
  - RIMPAC की शुरुआत 1971 में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा द्वारा वार्षिक अभ्यास के रूप में की गई थी लेकिन 1974 से समुद्री अभ्यास द्विवार्षिक कार्यक्रम बन गया।
  - इसका उद्देश्य मित्र देशों की नौसेनाओं के बीच अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाना और विश्वास का निर्माण करना है।
  - भारत 2014 से भाग ले रहा है। अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।
- JIMEX (जापान-भारत समुद्री अभ्यास) भारतीय और जापानी नौसेना के बीच आयोजित द्विपक्षीय अभ्यास है। अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।
- जायद तलवार संयुक्त अरब अमीरात नौसेना और भारतीय नौसेना के बीच आयोजित एक द्विपक्षीय अभ्यास है। अत: युग्म 3 सही सुमेलित है। अत: विकल्प D सही है।

62. उत्तर: B

व्याख्या:

- सड़क सुरक्षा पर ब्राज़ीलिया घोषणा पत्र (2015) पर ब्राज़ील में आयोजित सड़क सुरक्षा पर दूसरे वैश्विक उच्च स्तरीय सम्मेलन में हस्ताक्षर किये गए। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- भारत इस घोषणापत्र का एक हस्ताक्षरकर्त्ता है। अत: कथन 2 सही है।
- देशों ने सतत् विकास लक्ष्य 3.6 हासिल करने की योजना बनाई है यानी वर्ष 2030 तक सड़क यातायात दुर्घटनाओं से होने वाली वैश्विक मौतों और दुर्घटनाओं की संख्या को आधा करना।

63. उत्तर: A

व्याख्या:

केंद्रीकृत और विकेंद्रीकृत भुगतान प्रणाली

- भारत में केंद्रीकृत भुगतान प्रणाली में रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट (RTGS) प्रणाली और राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक निधि अंतरण (NEFT) प्रणाली किसी भी अन्य प्रणाली के रूप में शामिल होंगे जिस पर समय-समय पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्णय लिया जा सकता है।
- RTGS: यह लाभार्थियों के खाते में वास्तविक समय पर धनराशि के हस्तांतरण की सुविधा को सक्षम बनाता है और इसका प्रयोग मुख्य तौर पर बड़े लेन-देनों के लिये किया जाता है।
  - यहाँ 'रियल टाइम' अथवा वास्तविक समय का अभिप्राय निर्देश प्राप्त करने के साथ ही उनके प्रसंस्करण (Processing) से है, जबकि 'ग्रॉस सेटलमेंट' या सकल निपटान का तात्पर्य है कि धन हस्तांतरण निर्देशों का निपटान व्यक्तिगत रूप से किया जाता है।
- NEFT: यह एक देशव्यापी भुगतान प्रणाली है, जो इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से धन के हस्तांतरण की सुविधा प्रदान करती है।
  - इसका उपयोग आमतौर पर 2 लाख रुपए तक के फंड ट्रांसफर के लिये किया जाता है।
- विकेंद्रीकरण भुगतान प्रणाली में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समाशोधन व्यवस्था [चेक ट्रंकेशन सिस्टम (CTS)] के साथ-साथ अन्य बैंक [एक्सप्रेस चेक क्लियरिंग सिस्टम (ECCS) केंद्रों की जाँच] और किसी अन्य प्रणाली के रूप शामिल होंगे जिसमें समय-समय पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्णय लिया जाएगा।
  - चेक ट्रंकेशन: यह भुगतानकर्त्ता बैंक द्वारा भुगतानकर्त्ता बैंक शाखा के रास्ते में किसी बिंदु पर ड्रॉअर द्वारा जारी किये गए भौतिक चेक के प्रवाह को रोकने की प्रक्रिया है। अत: विकल्प A सही है।

64. उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में रक्षा मंत्रालय ने 'मासिक भत्तों के वितरण के लिये 'पे रोल ऑटोमेशन' (PADMA) का उद्घाटन किया, जो भारतीय तटरक्षक बल के लिये एक स्वचालित वेतन और भत्ता मॉड्यूल है।अत: कथन 1 सही नहीं है।
- PADMA नवीनतम तकनीक का लाभ उठाने वाला एक स्वचालित मंच है जो लगभग 15,000 भारतीय तटरक्षक कर्मियों को वेतन और भत्तों का निर्बाध एवं समय पर वितरण सुनिश्चित करेगा।अत: कथन 2 सही नहीं है।
- यह मॉड्यूल रक्षा लेखा विभाग के तत्त्वावधान में विकसित किया गया है और वेतन लेखा कार्यालय तटरक्षक, नोएडा द्वारा संचालित किया जाएगा। अत: कथन 3 सही है।

65. उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में पहला "चीन-हॉर्न ऑफ अफ्रीका शांति, शासन और विकास सम्मेलन" आयोजित किया गया। यह पहली बार है जब चीन का लक्ष्य "सुरक्षा के क्षेत्र में भूमिका निभाना" है।
    - हॉर्न ऑफ अफ्रीका पूर्वोत्तर अफ्रीका में एक प्रायद्वीप है।
- अफ्रीकी मुख्य भूमि के पूर्वी भाग में स्थित, यह दुनिया का चौथा सबसे बड़ा प्रायद्वीप है।
- 'हॉर्न ऑफ अफ्रीका' जिबूती, इरिट्रिया, इथियोपिया और सोमालिया के देशों वाले क्षेत्र को दर्शाता है। अत: विकल्प C सही है।

नोट :